www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173
सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 32.c
23.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 87.090g
चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे पर टिकीं निगाहें, बढ़ गई है दौरे की अहमियत
समाजवादी पार्टी की पीडीए जनपंचायत 04

वर्ष :08 | अंक :228 | मुंबई , रविवार ,09 फरवरी , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

# दिल्ली में 27 साल बाद खिला कमल, सत्ता से बाहर हुई 'आप-दा'

## केजरीवाल-सिसोदिया हारे, आतिशी-गोपाल राय जीते


**सवाल**

केजरीवाल आम आदमी पार्टी संयोजक भी हैं। पूरी पार्टी इन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती भी है। हालांकि, दिल्ली में मिली हार के बाद पार्टी और केजरीवाल की राजनीति को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे है।

एजेंसी

नई दिल्ली , भाजपा ने दिल्ली में 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से भाजपा ने 48 और आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें जीतीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है।भाजपा ने 1993 में 49 सीटें यानी दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। 5 साल की सरकार में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम बनाए गए थे। 1998 के बाद कांग्रेस ने 15 साल राज किया। इसके बाद 2013 से आम आदमी पार्टी की सरकार थी।इस बार भाजपा की 71% स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटें बढ़ीं। पार्टी ने 68 पर चुनाव लड़ा, 48 सीटें जीतीं। वहीं, आप को 40 सीटों का नुकसान हुआ। आप का स्ट्राइक रेट 31% रहा।भाजपा ने पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9% से ज्यादा का इजाफा किया। वहीं, आपको करीब 10% का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन वोट शेयर 2% बढ़ाने में कामयाब रही। 2020 में भाजपा ने महज 8 सीटें जीती थीं।2025 में 6 गुना ज्यादा यानी 48 से ज्यादा सीटों पर जीती। केजरीवाल की नई दिल्ली सीट पर 20 उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई।इन्हें मिले वोट तीन अंक तक भी नहीं पहुंच सके।

### भाजपा को जीत की बधाई देता हूं :केजरीवाल



केजरीवाल बोले- भाजपा को जीत की बधाई देता हूं। लोगों ने उन्हें बहुमत दिया है। उम्मीद करता हूं जनता की उम्मीदों पर वे खरे उतरेंगे। हमने शिक्षा, पानी और बिजली के क्षेत्र में काम किया है। हमें जनता ने निर्णय दिया है। हम कंस्ट्रक्टिव विपक्ष का रोल निभाएंगे। हम जनता के सुख-दुख में काम आएंगे। हम सत्ता में राजनीति के लिए नहीं आए हैं। हम लोगों के सुख-दुख बांटने के लिए आए हैं। मैं आप के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने बहुमत मेहनत की है। उन्होंने शानदार चुनाव लड़ा, उन्हें बधाई।

### 'केजरीवाल ने मेरी बात नहीं मानी, उनका ध्यान शराब पर...', दिल्ली के नतीजों पर बोले अन्ना हजारे



दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के शुरूआती रुझानों में अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पीछे चस रही है। वहीं, केजरीवाल भी अपनी नई दिल्ली सीट से पीछे हैं। इसी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे का बयान सामने आया है। अन्ना हजारे ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है कि उम्मीदवार का आचरण, विचार शुद्ध होना चाहिए, जीवन दोष रहित होना चाहिए, त्याग होना चाहिए। ये गुण मतदाताओं को उस पर विश्वास दिलाते हैं। अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए हजारे ने कहा कि मैंने उनको बताया लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया और आखिरकार उनका ध्यान शराब पर केंद्रित हो गया। यह मुद्दा क्यों उठा? वह धनबल से अभिभूत थे।

## 'अराजकता, अहंकार की हुई हार' ,पीएम मोदी बोले- जिन्हें मलिक होने का घमंड था, उन्हें दिल्ली ने नकार दिया

दिल्ली भाजपा के सांसदों ने भी नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। यमुना मैया की जयकारे लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दिल्ली में, दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और एक सुकून भी है। उत्साह विजय का है और सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है।



भाजपा ने 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भारी जीत हासिल की है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की जीत के जश्न में शामिल होने पर भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। दिल्ली भाजपा के सांसदों ने भी नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। यमुना मैया की जयकारे लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दिल्ली में, दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और एक सुकून भी है। उत्साह विजय का है और सुकून दिल्ली को अअढ-दा से मुक्त कराने का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने हर दिल्ली वासी के नाम एक पत्र भेजा था और आप सबने हर परिवार में मेरा ये पत्र पहुंचाया था। मैंने दिल्ली से प्रार्थना की थी कि 21वीं सदी में भाजपा को सेवा का अवसर दीजिए, दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने के लिए भाजपा को मौका दीजिए। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली के हर परिवारजन को मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए सिर झुकाकर नमन करता हूं। मैं दिल्ली वासियों के आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि दिल्ली ने दिल खोलकर हमें प्यार दिया है। और मैं दिल्ली वासियों को फिर से एक बार विश्वास दिलाता हूं कि आपके इस प्यार को सवा गुना करके विकास के रूप में हम लौटाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की ये विजय ऐतिहासिक है।

### द्रौपदी का चीरहरण ..केजरीवाल की हार पर स्वाति मालीवाल ने फोटो पोस्ट कर इस अंदाज में कसा तंज



27 साल के वनवास के बाद भाजपा ने दिल्ली में सत्ता में वापसी कर ली है। एक दशक के शासनकाल के बाद आम आदमी पार्टी (आप) का विधानसभा चुनाव 2025 में सफाया हो गया। शीर्ष नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसौदिया तक अपनी सीट बचाने में कामयाब नहीं हो पाए। कांग्रेस लगातार तीसरी बार एक भी सीट नहीं हासिल कर अपना पुराना अविश्वसनीय रिकॉर्ड बरकरार रखा है। वहीं आप की हार के बाद राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने द्रौपदी के चीरहरण की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा कि अहंकार के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) और इसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल की हार हुई है। स्वाति मालीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यहां तक कि रावण का अहंकार भी नहीं बचा था।

**जिन लोगों ने दिल्ली को नुकसान पहुंचाया, यह उनका नुकसान : कांग्रेस**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों के अनुसार, कांग्रेस के 70 में से 68 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई है। केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने 4089 वोटों से हराया, जबकि संदीप दीक्षित को 4568 वोट ही मिले। भाजपा के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे चुनाव जीत गए हैं। नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा और मोतीनगर से हरीश खुराना। प्रवेश पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। खुराना पूर्व सीएम मदन लाल खुराना के बेटे हैं। 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन मुस्तफाबाद सीट से तीसरे नंबर पर रहे। वे ओवैसी की पार्टी चुनाव लड़े थे। यहां से भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर आप रही। कांग्रेस फिर जीरो, लेकिन 14 सीटों पर आपको हरवाया कांग्रेस दिल्ली में जीरो थीं, जीरो ही रही। लेकिन आम आदमी पार्टी को जरूर हरवा दिया। 14 सीटों पर आम आदमी पार्टी की हार का अंतर, कांग्रेस के मिले वोटों से कम है।

---

संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सेना का ड्रोन : भारत ने 230 करोड़ रुपये का ड्रोन अनुबंध रद्द किया, चीन को दिया कड़ा संदेश

घरेलू निमार्ताओं के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, सेना ने चीनी घटकों के कथित उपयोग पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात किए जाने वाले कम से कम 400 ड्रोन खरीदने के लिए 230 करोड़ रुपये के अनुबंध रद्द कर दिए हैं। प्रभावित कंपनियों में से एक चेन्नई स्थित दक्षा थी, जिसने लॉजिस्टिक्स ड्रोन के लिए ऑर्डर हासिल किया था। चीनी विनिर्माण घटकों पर चिंताओं के कारण अगस्त 2024 से सौदे को रोक दिया गया था। रक्षा सूत्रों ने कहा कि जांच से पता चला है कि इन ड्रोन में चीनी मूल के इलेक्ट्रॉनिक घटक लगे हुए थे, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते थे। हालांकि, सुरक्षा संबंधी उपकरणों में चीनी घटकों के उपयोग से उत्पन्न होने वाली समस्या नई नहीं है। 2010 और 2015 में, सैन्य खुफिया महानिदेशालय ने संवेदनशील रक्षा प्रणालियों में चीनी मूल के हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर के उपयोग के खिलाफ चेतावनी दी थी, जबकि इस बात पर जोर दिया था कि एम्बेडेड मैलवेयर और रीयल-टाइम डेटा लीक के जोखिम को रोकने के लिए महत्वपूर्ण और गैर-महत्वपूर्ण घटकों को गैर-चीनी निमार्ताओं से प्राप्त किया जाना चाहिए।

### हरियाणा के जींद में रेलवे कर्मचारी की पीट-पीट कर हत्या

हरियाणा के जींद में रेलवे फाटक पर तैनात एक गेटमैन की कुछ लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान जामनी गांव के निवासी मुनीष (38) के रूप में हुई है और वह सिल्लाखेडी गांव के रेलवे फाटक पर तैनात था। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद सफीदों के पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। गौरव शर्मा ने बताया कि मुनीष कुमार वर्ष 2013 से सिल्लाखेडी गांव स्थित रेलवे फाटक पर बतौर गेटमैन तैनात था और शुक्रवार दोपहर बाद अपने घर से ड्यूटी पर आया था। उन्होंने बताया कि रात को मुनीष की कुछ युवकों के साथ कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी युवकों ने गेटमैन पर डंडों से हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि हमले में बुरी तरह घायल मुनीष को कुछ लोगों ने एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

## दिल्ली में भ्रष्टाचार का 'शीशमहल' ध्वस्त

### अमित शाह बोले, 'झूठ का राज' खत्म हुआ




एजेंसी

नई दिल्ली: दिल्ली में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी की वापसी हो रही है. दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की शानदार प्रदर्शन पर गृह मंत्री अमित शाह ने जनता का आभार जताया है. अमित शाह ने शनिवार को कहा कि, दिल्ली में 'झूठ का राज' खत्म हो गया है और यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग की शुरूआत है.एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने कहा, दिल्ली के दिल में मोदी. दिल्ली की जनता ने झूठ, छल और भ्रष्टाचार के 'शीशमहल' को ध्वस्त कर दिल्ली को आपदा मुक्त बनाने का काम किया है. दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है कि यह देश भर में जनता से झूठे वादे करने वालों के लिए एक मिसाल कायम करेगा. शाह ने कहा कि, यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग की शुरूआत है. दिल्लीवासियों ने बता दिया कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता। जनता ने अपने वोट से गंदी यमुना, पीने का गंदा पानी, टूटी सड़कें, ओवरफ्लो होते सीवरों और हर गली में खुले शराब के ठेकों का जवाब दिया है।

> दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन के बाद अमित शाह ने आभार जताया. उन्होंने कहा कि, 'दिल्ली के दिल' में मोदी हैं.

गृह मंत्री ने समर्थन के लिए दिल्ली की जनता का आभार भी जताया और कहा कि, भाजपा अपने सभी वादों को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प है. यह 'मोदी की गारंटी' और मोदी जी के विकास के विजन में दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है. इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का हृदय से आभार।

## अयोध्या हार का बदला, भाजपा ने सपा से मिल्कीपुर छीना

### 61 हजार वोट की सबसे बड़ी जीत; सपा प्रत्याशी अपने बूथ पर हारे

एजेंसी



अयोध्या , अयोध्या हार का बदला भाजपा ने मिल्कीपुर जीत कर ले लिया। 8 साल बाद सपा से मिल्कीपुर विधानसभा छीन ली। भाजपा ने मिल्कीपुर में इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। भाजपा प्रत्याशी चंदभानु पासवान ने सपा के अजीत प्रसाद को 61 हजार 636 वोट से हराया। इससे पहले सपा से अवधेश प्रसाद साल 2012 में 39,237 वोट से जीते थे। उपचुनाव में चंद्रभानु पासवान को 1 लाख 46 हजार 291 और अजीत प्रसाद को 84 हजार 655 वोट मिले। बाकी सभी 8 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। अयोध्या सांसद के बेटे होने के बावजूद अजीत प्रसाद अपने ही बूथ से हार गए। लोकसभा चुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा में भाजपा को सपा से 7 हजार वोट कम मिले थे। 8 महीने में ही भाजपा ने बाजी पलट दी। तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सूरज चौधरी रहे। उन्हें 5 हजार 457 वोट मिले। मिल्कीपुर में भाजपा पहले राउंड से ही बढ़त बनाए हुए थी। वह आखिर तक जारी रही। एक बार भी सपा आगे नहीं निकल पाई। वहीं, अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद और उनके बेटे अजीत प्रसाद घर से नहीं निकले। घर पर ही न्यूज एजेंसी से बातचीत में अवधेश प्रसाद ने कहा- भाजपा ने बेईमानी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उनके गुंडों ने बूथ कैप्चरिंग की।

मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद सपा विधायक थे। 2024 लोकसभा चुनाव में सपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव लड़वाया। वह अयोध्या (फैजाबाद) से सांसद बन गए। तब से यह सीट खाली थी। यहां उपचुनाव नवंबर में होने थे, लेकिन भाजपा नेता गोरखनाथ ने अवधेश प्रसाद के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर रखी थी। इसमें उनका नामांकन रद्द करने की मांग की थी। हालांकि, बाद में बाबा गोरखनाथ ने याचिका वापस ले ली थी।

## 'झूठ और लूट की राजनीति पर लगा पूर्ण विराम'

### बीजेपी की जीत पर योगी आदित्यनाथ की हुंकार

> योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं 2.5 दशकों के अंतराल के बाद बीजेपी को सत्ता में वापस लाने के लिए पीएम मोदी, बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई देता हूं।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव में उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजों ने झूठ और लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम लगा दिया है। यह पिछले 11 साल से पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की जीत है। मैं दिल्ली में विजयी हुए सभी उम्मीदवारों को बधाई देना चाहता हूं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं 2.5 दशकों के अंतराल के बाद बीजेपी को सत्ता में वापस लाने के लिए पीएम मोदी, बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई देता हूं।



## 'और लड़ो आपस में', दिल्ली चुनाव रुझानों के बाद उमर अब्दुल्ला का इंडिया ब्लॉक पर तंज

अरविंद केजरीवाल ने लगातार आरोप लगाया कि कांग्रेस भाजपा की मदद करने के लिए ये चुनाव लड़ रही है, जबकि सबसे पुरानी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी में आप के एक दशक लंबे शासन पर सवाल उठाया।



एजेंसी

दिल्ली की विधानसभा सीटों के लिए शुरूआती रुझानों में आम आदमी पार्टी के पिछड़ने के बाद, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक मजेदार मीम पोस्ट किया, जिसमें लिखा था, और लड़ो आपस में। जहां भाजपा ने अपने एनडीए सहयोगियों की मदद से दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने के लिए हरसंभव प्रयास किया, वहीं इस लड़ाई में इंडिया गुट बंटा हुआ था और सहयोगी आप और कांग्रेस इस उच्च-दांव वाली लड़ाई में कट्टर प्रतिद्वंद्वी बन गए।

---

खतरा' 'आप की हार पूरे विपक्ष के लिए खतरा'

## दिल्ली में बीजेपी की बड़ी जीत पर बोले योगेंद्र यादव

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर हुए मतदान की गणना अभी भी हो रही है। यह आकड़े बताते है कि दिल्ली में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। इसी बीच स्वराज इंडिया पार्टी के सह-संस्थापक और चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव ने इस चुनावी परिणाम पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार एक बड़ा झटका है, न केवल पार्टी के लिए, बल्कि पूरे विपक्ष के लिए भी। यादव उन्होंने कहा कि अब जब आप केवल पंजाब तक ही सीमित हो गई है, तो पार्टी के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। चुनाव विश्लेषक यादव ने कहा कि कांग्रेस और आप का गठबंधन लंबे समय तक नहीं चल सकता था, क्योंकि विपक्ष के भीतर गंभीर तनाव है और यह विपक्ष के लिए खतरे की बात है। उन्होंने कहा कि यह उन सभी के लिए एक झटका है, जिन्होंने देश में विपरीत राजनीति का सपना देखा था। उन्होंने कहा कि भले ही आप का वोट शेयर भाजपा से केवल 4-5 प्रतिशत कम हो, लेकिन पार्टी के प्रमुख नेता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मेहनत के बावजूद हार ने पार्टी के भविष्य को संदिग्ध बना दिया है उन्होंने बताया कि भाजपा के लिए अब सारी उम्मीदें पंजाब पर टिकी हैं, अगर पंजाब में आप की स्थिति कमजोर पड़ी, तो भाजपा वहां विधायकों को तोड़ने की कोशिश करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि आप ने सत्ता में आने के बाद वैकल्पिक राजनीति छोड़ दी और सिर्फ कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया, जो अब संतृप्त हो चुकी हैं। यादव ने यह भी कहा कि भाजपा अब सिर्फ जीतने के लिए नहीं, बल्कि देश में पूर्ण प्रभुत्व स्थापित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अब विपक्ष के लिए यह चुनौती और भी कठिन हो गई है, क्योंकि भाजपा की हालिया जीत से उसकी शक्ति और बढ़ी है। योगेंद्र यादव ने यह भी बताया कि आप के वोटों में कमी का कारण यह हो सकता है कि पहले मोदी समर्थक जिन्होंने लोकसभा में भाजपा को वोट दिया था, अब विधानसभा चुनावों में आप का समर्थन कर रहे थे, लेकिन इस बार वे भाजपा के साथ रहे। उन्होंने यह भी कहा कि शराब घोटाले और 'शीश महल' विवाद के कारण आप की ईमानदार छवि को नुकसान हुआ है। साथ ही दिल्ली सरकार के उपराज्यपाल के साथ झगड़ों ने भी पार्टी की चुनावी विफलता में योगदान किया है।

> स्वराज इंडिया पार्टी के सह-संस्थापक और चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव ने इस चुनावी परिणाम पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार एक बड़ा झटका है, न केवल पार्टी के लिए, बल्कि पूरे विपक्ष के लिए भी। उन्होंने कहा कि पार्टी के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं।

## दिल्ली में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लोगों के भरोसे को दशार्ती है: माणिक साहा



एजेंसी

नयी दिल्ली। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत भगवा पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोगों के अटूट भरोसे को दशार्ती है। साहा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, मोदी का जादू दिल्ली में छा गया। यह दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत है। यह ऐतिहासिक जनादेश भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में लोगों के अटूट भरोसे को दशार्ता है। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को हुई मतगणना में आम आदमी पार्टी का सफाया कर दिया और 26 साल से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सत्ता में लौटी। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, भाजपा 70 में से 49 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है या आगे चल रही है, जो बहुमत के 36 के आंकड़े से काफी अधिक है और आप 21 सीटों के साथ पीछे है। शीला दीक्षित के नेतृत्व में दिल्ली में 15 वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस द्विध्रुवीय मुकाबले में एक भी सीट नहीं जीत सकी है। यह लगातार तीसरा मौका है जब दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली।

> निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, भाजपा 70 में से 49 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है या आगे चल रही है, जो बहुमत के 36 के आंकड़े से काफी अधिक है और आप 21 सीटों के साथ पीछे है।

## सम्पादकीय

# ठगी की दुकानें, ट्रैवल एजेंटों पर कार्रवाई का कदम देर से क्यों उठाया?

अवैध रूप से अमेरिका पहुंचे भारतीयों को लौटाए जाने के बाद पंजाब से आई इस खबर से बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि नौकरी दिलाने के नाम पर विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह देर से उठाया गया ऐसा कदम है, जिसे दुरुस्त नहीं कहा जा सकता। क्या पंजाब सरकार अभी तक इससे अनजान थी कि राज्य में किस तरह लोगों को झूठे सपने दिखाकर अवैध तरीके से अमेरिका, कनाडा, यूरोप भेजने वाले गिरोह सक्रिय हैं। ये और कुछ नहीं, खुली ठगी करते हैं। इन कथित ट्रैवल एजेंटों ने जगह-जगह अपनी दुकानें खोल रखी हैं। ये विदेश में नौकरी के इच्छुक लोगों को सब्जबाग दिखाते हैं और वैध तरीके से वहां भेजने के बहाने लाखों रुपये वसूलते हैं। पैसा मिल जाने के बाद वे उन्हें पहले दुबई, शारजाह आदि भेजते हैं।अमेरिका ने अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भारत भेजा है।इन अवैध प्रवासियों को भारत लेकर अमेरिका का सैन्य विमान अमृतसर उतरा। उधर नौकरी का झांसा देकर विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों पर अब कार्रवाई की जा रही है। सवाल यह है कि यह कदम इतनी देरी से क्यों उठाया जा रहा है? देर से उठाए इस कदम को कतई दुरुस्त नहीं कहा जा सकता। फिर आम तौर पर कोलंबिया, निकारागुआ, ग्वाटेमाला, होंडुरास आदि। इन देशों में सक्रिय मानव तस्करों के गिरोह उन्हें डंकी रूट कहे जाने वाले खतरनाक जंगली रास्तों के जरिये मेक्सिको भेजते हैं। इन गिरोहों की साठगांठ अपने-अपने देशों की पुलिस और सीमा सुरक्षा दस्तों से होती है। इसी साठगांठ के चलते लोग मेक्सिको से अमेरिका में अवैध रूप से घुसते हैं। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पंजाब में संदिग्ध किस्म के ट्रैवल एजेंटों का संबंध-संपर्क दक्षिण अमेरिकी देशों के मानव तस्करी में लिप्त उन गिरोहों से है, जो बेलगाम माफिया बन गए हैं। पंजाब की तरह युवाओं को ठगने वाले ट्रैवल एजेंट हरियाणा और गुजरात में भी सक्रिय हैं। इनकी सक्रियता दशकों से है, लेकिन शायद ही उनके खिलाफ कभी ठोस कार्रवाई की गई हो। अभी भी जो कार्रवाई की जा रही है, वह दिखावटी साबित हो तो हैरानी नहीं। बेहतर हो भारत सरकार राज्यों और खासकर पंजाब, गुजरात एवं हरियाणा से छल-कपट से विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने को कहे, क्योंकि उनकी हरकतें केवल युवाओं का भविष्य ही नहीं बर्बाद कर रहीं, बल्कि देश की बदनामी का कारण भी बन रही हैं।भारत को अमेरिका और उसके पड़ोसी देशों से अपने यहां के मानव तस्कर गिरोहों के खिलाफ भी कार्रवाई का आग्रह करना होगा। इसके साथ ही विदेश में नौकरी का सपना पाले युवाओं और उनके अभिभावकों को भी चेतना होगा। अवैध तरीके से विदेश जाना जानबूझकर मुसीबत को निमंत्रण देना है।

## आज का विचार







**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :** वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :** आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :** आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे पर टिकीं निगाहें, बढ़ गई है दौरे की अहमियत

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर होंगे। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली अमेरिका यात्रा होगी। भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात में टैरिफ क्वाड के अलावा अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर बातचीत तय दिख रही है। पीएम मोदी के दौरे की अहमियत वर्तमान परिप्रेक्ष्य में और बढ़ गई है।

अमेरिका में अवैध रूप से रहने या वहां गैर-कानूनी ढंग से प्रवेश करने के आरोप में पकड़े गए कुछ प्रवासी भारतीयों को बीते दिनों जिस प्रकार स्वदेश भेजा गया, उसकी देश में तीखी प्रतिक्रिया दिखी है। भारत द्वारा अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर सहयोग की प्रतिबद्धता के बावजूद अमेरिका का अहंकारी रवैया अखरने वाला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आश्वासन दिया है कि इस संदर्भ में अमेरिका से चर्चा की जाएगी कि भारतीयों के साथ अभद्र एवं अमानवीय व्यवहार न हो, लेकिन ऐसी आश्वस्ति के बावजूद इस मुद्दे पर आक्रोश थम नहीं रहा। भारतीयों द्वारा येन-केन-प्रकारेण अमेरिका में घुसने और वहां बसने का किसी तरह बचाव नहीं किया जा सकता, लेकिन उन्हें जिस तरह बेड़ियों में जकड़कर भारत भेजा गया, वह भी स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऐसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री का अमेरिका दौरा और महत्वपूर्ण हो गया है। फ्रांस दौरे के बाद अमेरिका प्रधानमंत्री मोदी का अगला पड़ाव होगा। प्रधानमंत्री संभवतः 13 और 14 फरवरी को अमेरिका में होंगे, जहां राष्ट्रपति ट्रंप व्हाइट हाउस में उनकी मेजबानी करेंगे। इससे पहले 10 और 11 फरवरी को प्रधानमंत्री एआई समिट के सिलसिले में फ्रांस में होंगे। वर्तमान में जैसी परिस्थितियां आकार ले रही हैं, उससे इन दौरों की अहमियत और बढ़ गई है। फ्रांस में प्रधानमंत्री आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ से जुड़े एक सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। इस सम्मेलन का महत्व इस कारण और बढ़ गया है कि एक तो वैश्विक स्तर पर एआइ के संचालन-परिचालन का कोई स्वीकार्य वैश्विक ढांचा अभी तक अस्तित्व में नहीं आ पाया है और दूसरे, एक चीनी कंपनी द्वारा डीपसीक जैसा सस्ता एआई टूल बनाने से पश्चिम की दिग्गज कंपनियां दबाव में आ गई हैं। चीन के संदिग्ध चरित्र को देखते हुए डीपसीक की पैठ बढ़ने से वैश्विक डाटा में सेंधमारी और उसके मनमाने इस्तेमाल का जोखिम कहीं ज्यादा बढ़ जाएगा। ऐसे में फ्रांस में प्रस्तावित एआइ सम्मेलन में सहभागियों के समक्ष यह चुनौती होगी कि वे वैश्विक एआई समीकरणों को दुरुस्त करें। चैटजीपीटी एआई टूल बनाने वाली ओपनएआइ के मुखिया सैम आल्टमैन के हालिया भारत दौरे और किफायती एआई तकनीक को लेकर उनके दांव को देखकर समझा जा सकता है कि दुनिया इस नई उभरती हुई तकनीक को लेकर भारत से बड़ी उम्मीदें लगाए हुए है। फ्रांस में एआइ सम्मेलन से वैश्विक एआइ मानचित्र पर भारत की महत्ता और मुखरता से रेखांकित होगी। फ्रांस में द्विपक्षीय रिश्ते परवान चढ़ाने की भी पूरी तैयारी है। इस दौरान दोनों देशों के बीच सामरिक, आर्थिक और प्रौद्योगिकी के स्तर पर नए समझौते किए जाने की उम्मीद है। राफेल विमान और स्कोर्पीन पनडुब्बी सौदों को नया आयाम देकर जहां सामरिक रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे तो इससे हथियारों की खरीद के मामले में भारत के विविधीकरण एवं विभिन्न विकल्पों की भी झलक मिलेगी। यह भारतीय विदेश एवं सामरिक नीति की स्वायत्तता को भी विस्तार देगा। फ्रांस के मार्सिले में भारत नया वाणिज्य दूतावास भी खोलने जा रहा है। दोनों देशों के बीच जनता से जनता के बीच सहयोग, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक सहमति और शीर्ष नेताओं के बीच सहजता एवं आत्मीयता यही दशार्ती है कि नई दिल्ली और पेरिस परस्पर हितों को समझते हुए संबंधों को सही दिशा में आगे ले जा रहे हैं। इसमें संदेह नहीं कि सबसे अधिक नजरें प्रधानमंत्री के अमेरिकी दौरे पर होंगी। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसी उत्सुकता अकारण भी नहीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा सत्ता संभालने के बाद यह दोनों नेताओं की पहली मुलाकात होगी। ट्रंप का अप्रत्याशित व्यवहार और व्यक्तित्व किसी से छिपा नहीं। नए कार्यकाल में वह जिस आक्रामकता के साथ अपने मूल मुद्दों पर आगे बढ़ रहे हैं, उसे देखते टकराव और तनातनी के मुद्दे भी कम नहीं हैं। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा अवैध प्रवासियों का है। टैरिफ भी ऐसा ही एक मसला है, क्योंकि ट्रंप भारत को टैरिफ किंग वाले देशों में से एक मानते हैं। हालांकि मोदी और ट्रंप के बीच पुरानी आत्मीयता को देखते हुए यही आसार अधिक हैं कि ऐसे मुद्दों पर व्यापक सहमति बन सकेगी। भारत पहले ही अमेरिका को आश्वस्त कर चुका है कि अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर वह अमेरिका का हरसंभव सहयोग करेगा। ऐसे में प्रधानमंत्री के दौरे पर स्वदेश भेजे जाने वाले भारतीयों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार का मुद्दा सतह पर आ सकता है। जहां तक टैरिफ की बात है तो हालिया केंद्रीय बजट में ही कई ऐसे उत्पादों पर आयात शुल्क और ड्यूटी घटाने के प्रविधान हुए हैं, जिनसे अमेरिकी उत्पादों और कंपनियों को लाभ मिलने का अनुमान है। स्पष्ट है कि ट्रंप प्रशासन की अपेक्षाओं को भारत समझ रहा है। यदि अमेरिका द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाना चाहता है तो उसे भी भारतीय अपेक्षाओं का सम्मान करना होगा। इसमें एक मुद्दा उन चरमपंथियों पर सख्ती का भी हो सकता है, जो रह-रहकर भारत को धमकाते रहते हैं और खुलकर भारत विरोधी कृत्यों में संलग्न रहते हैं। भारत यही चाहेगा कि अमेरिका उन्हें अभिव्यक्ति की आड़ में संरक्षण न प्रदान करे। बाइडन प्रशासन के दौरान यह मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक चुभने वाला कांटा बना रहा। पीएम मोदी उन शासनाध्यक्षों में से एक हैं जिनकी ट्रंप दूसरे कार्यकाल के आरंभ में ही मेजबानी करने जा रहे हैं। यह दशार्ता है कि वह मोदी और भारत को पूरी गंभीरता से लेते हैं। उनकी यही गंभीरता तब भी झलकी, जब ट्रंप प्रशासन के शुरूआती कार्यों में से एक क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित करना था। ट्रंप ने ही 2017 में क्वाड को नए सिरे से सक्रिय किया था, जिसे बाइडन ने आगे बढ़ाया। अब उम्मीद है कि ट्रंप उसे नए तेवर देंगे। यह हिंद-प्रशांत में सहयोगियों के साथ सहयोग बढ़ाने और चीन की चुनौती के तोड़ निकालने की गंभीरता को भी दशार्ता है। कुल मिलाकर, ट्रंप के साथ बैठक में मोदी द्विपक्षीय संबंधों के लिए अगले चार साल की रूपरेखा तैयार करेंगे। ये संबंध परस्पर विश्वास, सतत एवं निरंतर प्रगति वाले दृष्टिकोण से प्रेरित होंगे।



# देश के प्रति समर्पण राष्ट्र के बौद्धिक व आर्थिक विकास की बुनियाद



**संजीव ठाकुर**

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न द्रष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगेवर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैंआज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं ।किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है । देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन,उत्कृष्ट नवाचार, लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा।

# भारतीय उड्डयन क्षेत्र की प्रगति

**विजय गर्ग**

भारत का उड्डयन क्षेत्र इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है। देश की विशाल जनसंख्या तथा तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बावजूद उसे हवाईअड्डों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। क्या कभी आपने सोचा है कि अमेरिका में कितने हवाईअड्डे हैं? यह संख्या आपके अधिकाधिक अनुमान से बहुत अधिक यानी लगभग 19,000 है। लगभग 330 मिलियन जनसंख्या वाले अमेरिका ने हवाईअड्डों का व्यापक संजाल बना कर देश भर में सहज कनेक्टिविटी सुनिश्चित की है।

अब इसकी तुलना भारत से करें। अमेरिका से तीन गुना अधिक जनसंख्या वाले भारत में वर्तमान समय में केवल लगभग 500 हवाईअड्डे हैं। यह तथ्य और भी अधिक आश्चर्यजनक है कि इनमें से को ही अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे केवल का दर्जा मिला है। यह भयानक भिन्नता केवल एक आंकड़े से आगे जाती है। इससे भारत के सामने उड्डयन क्षेत्र में ढांचागत चुनौतियां स्पष्ट हैं तथा इसके साथ ही इस क्षेत्र के व्यापक विस्तार की आवश्यकता भी उजागर होती है। भारत तथा विदेशों में उड्डयन क्षेत्र की तुलना करने के दृष्टिकोण से पश्चिम बंगाल और ब्रिटेन के बीच भी 'तुलना की जा सकती है। दोनों की जनसंख्या लगभग बराबर है र उनके उड्डयन नेटवर्क में बहुत बड़ा अंतर है ।जहां ब्रिटेन में लगभग 150 हवाईअड्डे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में केवल तीन यात्री हवाई अड्डे - कोलकाता, बागडोगरा और अंडाल हैं। यह अंतर केवल सुविधा के दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इससे खोए हुए आर्थिक अवसरों की रूपरेखा स्पष्ट होती है तथा इसके साथ ही तेज ढांचागत विकास की आवश्यकता भी रेखांकित होती है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में हवाईयात्रा दैनिक सुविधा की चीज है क्योंकि यह सस्ती, सक्षम तथा दैनिक जीवन से जुड़ी है। इससे लोगों को ट्रैफिक से मुक्ति मिलती है, उनका समय बचता है तथा आर्थिक विकास की गति तेज होती है। लेकिन अब भी भारत में हवाईयात्रा को शानोशौकत की चीज माना जाता है और इसकी पहुंच केवल कुछ विशिष्ट लोगों तक ही है। भारत का उड्डयन नेटवर्क उसकी बढ़ती हुई मांग को देखते हुए पूरी तरह अपर्याप्त है। केवल 29 अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों तथा लगभग कुल 500 हवाईअड्डों के साथ उड्डयन क्षेत्र की ढांचागत संरचना घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरू जैसे बड़े शहरों में हवाईअड्डे लगातार भारी भीड़ से भरे रहते हैं जिसके कारण विलंब, भीड़ तथा अक्षमता का सामना करना पड़ता है। इसके उलट देश के विशाल हिस्से, खासकर छोटे कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र एक दूसरे अलगाव का सामना करते हैं और साधनों वे रेलवे व राजमार्गों जैसे पुराने परिवहनः नर्भ हैं। वर्तमान समय में एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया-एएआई लगभग 150 हवाईअड्डों का प्रबंधन करत है, लेकिन अमेरिका के लगभग 5000 सिविलियन हवाईअड्डों की तुलना में यह संख्या नाटकीय रूप से नगण्य है। यह अंतर उस समय और भी अधिक चिन्ताजनक हो जाता है, जब यह तथ्य सामने रखा जाता है कि भारत की जनसंख्या अमेरिका की जनसंख्या से तीन गुना अधिक है। स्पष्ट है कि भारत को अपने उड्डयन ढांचागत संरचना का व्यापक विस्तार करना चाहिए। यह विस्तार तत्काल करने की आवश्यकता है। भारत में सीमित उड्डयन नेटवर्क के भारी नुकसान होते हैं। इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सीमित होती है, पर्यटन बढ़ाने में बाधा आती है तथा आर्थिक वृद्धि तेज करने की गति धीमी हो जाती है। भारत को यह कमी दूर करने के लिए निर्णायक कदम उठाने चाहिए। भविष्य के लिए साहसी दृष्टिकोण में आने वाले वर्षों में नए हवाईअड्डे बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जाने चाहिए ।से कम 1,500 भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर बड़े जनसंख्या क्षेत्र में प्रति 100 किलोमीटर पर एक हवाईअड्डा जरूर हो।

# दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के जादू के कारण हुईः एकनाथ शिंदे

शिंदे ने पिछले सप्ताह दावा किया था कि दिल्ली चुनाव के लिए आप के निवर्तमान विधायक शिवसेना के संपर्क में थे, लेकिन मतों के विभाजन से बचने के लिए उन्हें मैदान में नहीं उतारा गया क्योंकि उनकी पार्टी ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की थी।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के सरकार बनाने की संभावना के बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को देते हुए कहा कि झूठ की हार हुई है ।सत्तारूढ़ शिवसेना के प्रमुख नेता शिंदे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि महाराष्ट्र के बाद दिल्ली के मतदाताओं ने भी भाजपा के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है। आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए शिंदे ने कहा कि दिल्ली के विकास में बाधाएं दूर हो गई हैं ।उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को सबक सिखाया, जिसने संविधान के खतरे में होने का झूठा दावा किया था। शिंदे ने कहा, यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का जादू है। उन्होंने कहा, झूठ की हार हुई है और मतदाता सत्य के साथ खड़े हैं ।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाताओं ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पिछले सप्ताह पेश किए गए केंद्रीय बजट पर भी अपना फैसला दिया है।

# एक घंटे में साफ हो जाती बीजेपी... गुजरात का जिक्र करके दिल्ली में आप की करारी हार पर क्या बोले संजय राउत

महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में बीजेपी की प्रचंड जीत पर शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने एकजुटता का राग अलापा है। राउत ने शनिवार को दिल्ली चुनाव नतीजों के बीच कहा कि आप- कांग्रेस साथ लड़ते तो अच्छा होता। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महाराष्ट्र जैसा पैटर्न लागू करने की कोशिश की गई है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

## कांग्रेस-आप साथ में लड़ते तो ठीक था




मुंबईः देश की राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में लौटने के बाद बीजेपी जहां जश्न में डूबी है तो वहीं इंडिया अलायंस के घटक दलों में फिर से एकजुट होने की वकालत शुरू हो गई। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने कहा है कि अगर आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ी होती तो बीजेपी एक घंटे में ही साफ हो जाती। राउत ने कहा कि तो दोनों के बीच संबंध अच्छे होते, तो आज की तारीख में दिल्ली में चुनावी माहौल कुछ और होता। लेकिन अफसोस, ऐसी स्थिति दिल्ली में देखने को नहीं मिली। दिल्ली विधानसभा के चुनावों में बीजेपी को प्रचंड जीत हासिल हुई है। बीजेपी ने 48 और आप को 22 सीटें मिली हैं। दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद हार गए हैं।

### अब्दुल्ला की पोस्टर पर बोले

राउत ने जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की पोस्ट के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का प्रतिद्वंदी अगर कोई है, तो वो भाजपा है। हमें यहां पर एक बात समझनी होगी कि भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए आम आदमी पार्टी भी लड़ती है और कांग्रेस भी लड़ती है, लेकिन दोनों अलग-अलग लड़ती हैं। अगर ये दोनों ही दल एक साथ होते, तो आज दिल्ली में महज एक घंटे में ही भाजपा साफ हो जाती। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को पिछले पांच सालों में दिल्ली में कोई काम नहीं करने दिया गया।

### महाराष्ट्र पैटर्न लागू किया

राउत ने कहा कि लेफ्टिनेंट गवर्नर को गुजरात से लाया गया। उनके हाथ में पूरी ताकत दे दी गई। आप के सभी प्रमुख नेताओं को सलाखों के पीछे भेज दिया गया। जब आप किसी पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं को सलाखों के पीछे भेज देंगे, तो चुनाव कैसे लड़ेंगे? यही भाजपा का पैटर्न है। इस पैटर्न को इन्होंने महाराष्ट्र में भी अपनाया था और बहुत मुमकिन है कि इसी पैटर्न को बिहार में भी अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महाराष्ट्र वाला पैटर्न लागू करने की कोशिश की गई है, जिसके तहत शीर्ष नेतृत्व को खत्म किया जाता है ।

# धूल चेहरे पर थी लेकिन...फडणवीस ने अब गालिब का शेर सुनाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बोला हमला

- फडणवीस ने अब राहुल गांधी पर शेर से बोला हमला
- पुणे में दिखा मुख्यमंत्री फडणवीस का अलग अंदाज
- फडणवीस बोले, जनता राहुल का साथ छोड़ चुकी है



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः दिल्ली के विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी की जहां करारी हार हुई है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस फिर से खाता नहीं खोल पाई है। शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चुनाव नतीजों के ऐलान के बीच पुणे में राहुल गांधी पर गालिब के मशहूर शेर ताउम्र हम एक ही गलती करते रहे...को सुनाकर हमला बोला। महाराष्ट्र के सीएम ने पुणे में आयोजित 'द जयपुर डॉयलॉग्स' में एक सवाल के जवाब में कहा कि राहुल गांधी को बस इतना ही कहना चाहता हूं कि ता उम्र गालिब बस यही गलती करते रहे , धूल चेहरे पर थी और हम आईना साफ करते रहे। फडणवीस ने यह बात राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में धांधली के आरोपों को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहीं। फडणवीस ने यह भी कहा कि जनता राहुल गांधी का साथ छोड़ चुकी है। फडणवीस द्वारा राहुल गांधी गालिब के शेर के जरिए किए गया अटैक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### तो खूब बजी तालियां

फडणवीस ने जब यह कहा तो हॉल में खूब तालियां बजी। शुक्रवार को राहुल गांधी ने महाविकास आघाड़ी के नेताओं सुप्रिया सुले और संजय राउत के साथ दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस की थी और कहा था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में गड़बड़ी हुई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 2019 से लेकर 2024 के लोकसभा चुनावों तक जहां सिर्फ 32 लाख वोटर बढ़े तो वहीं लोकसभा चुनावों से विधानसभा चुनावों के बीच 39 लाख वोटर बढ़ गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सवालों पर चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और एमवीए का वोट कम नहीं हुआ जबकि एनडीए यानी महायुति के वोट बढ़ गए। उन्होंने चुनाव आयोग से जवाब नहीं मिलने पर कहा था कि वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

# बुर्के और कपड़ों में छिपाया पांच किलो सोना... मुंबई एयरपोर्ट यूं पकड़ी गई चार विदेशी महिलाएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट पर बुर्के पहने चार विदेशी महिलाओं से जांच के बाद पांच किलो 185 ग्राम सोना बरामद किया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को एक सीक्रेट सूचना मिली थी कि केन्या से एक सोना तस्कर गैंग ने बड़ी मात्रा में सोना भेजने की योजना बनाई है। डीआरआई के साथ दूसरी एजेंसियां इस इनपुट के बाद अलर्ट पर थीं। जांच के दौरान एजेंसियों को बुर्के में केन्या से आई चार महिलाओं की हरकतें कुछ संदिग्ध और अजीब लगीं तो एयरपोर्ट पर मौजूद स्टॉफ ने उसके मूवमेंट की निगरानी की ।सवाल पर घबरा गई महिलाएंजब चारों महिलाएं ग्रीन चैनल पर पहुंची तो उन्हें एकदम से को डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर से गुजरने के लिए कहा गया। जैसे ही ये महिलाएं यहां से गुजरीं तो संदेह मजबूत हो गय। इसके बाद डीआरआई के अधिकारियों ने महिलाओं से पूछा गया कि बुर्के में पीछे क्या है? तो महिलाएं घबर गईं।

# स्कूल प्रबंधन से अपील है कि 10 वीं, 12 वीं के छात्रों का हॉल टिकट न रोका जाए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , मनपा क्षेत्र के कुछ स्कूलों में छात्रों की शिक्षा फीस बकाया होने पर उन्हें 10 वीं,12 वीं परीक्षा का हॉल टिकट नहीं दिए जाने की शिकायतें नवी मुंबई मनपा शिक्षा विभाग को मिल रही हैं। यह मामला बेहद गंभीर है और इससे छात्र को शैक्षणिक नुकसान हो सकता है और उसका भविष्य प्रभावित हो सकता है। मनपा ने हाल टिकट नहीं रोकने का अनुरोध किया है ।इसके अनुसार, नवी मुंबई मनपा शिक्षा विभाग की ओर से मनपा क्षेत्र के सभी निजी स्कूल प्रबंधनों को सूचित किया जाता है कि यदि माता-पिता की कुछ समस्याओं के कारण किसी छात्र की शिक्षा शुल्क का भुगतान करना संभव नहीं है, तो उन्हें उनसे संवाद करना चाहिए। शिक्षा शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता को उनके ध्यान में लाना चाहिए और उन्हें शुल्क का भुगतान करने के लिए विकल्प प्रदान करना चाहिए। उन्हें 10 वीं, 12 वीं परीक्षा के लिए हॉल टिकट दिए बिना रोका नहीं जाना चाहिए। सभी संबंधित लोगों को ध्यान देना चाहिए कि जब स्कूल प्रबंधन के पास स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जारी करने से पहले ट्यूशन फीस का भुगतान करने का विकल्प होता है, तो हॉल टिकट जारी करने में इस तरह से बाधा डालना अनुचित है। यदि ऐसी कोई शिकायत करनी हो तो संबंधित माता-पिता को नवी मुंबई मनपा के अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार को 022-27567043 या उपायुक्त शिक्षा विभाग संघरत्न खिल्लारे से 022-27567067 पर संपर्क करने का अनुरोध किया गया है।

फास्ट ट्रैक

# रोहा यार्ड में अप रोड पर प्वाइंट के ओवरराइडिंग स्विच को बदलने के लिए 11.02.2025 को विशेष ट्रैफि क ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, रोहा यार्ड में अप रोड पर प्वाइंट नंबर 126बी और 127ए के ओवरराइडिंग स्विच को बदलने के लिए 11.02.2025 को ब्लॉक संचालित करेगा।

रोहा में अप और डाउन मुख्य लाइनों पर 11.15 बजे से 15.45 बजे तक ब्लॉक संचालित किया जाएगा।

ब्लॉक के कारण निम्नलिखित ट्रेनें 10 से 15 मिनट देरी से चलेंगीः

16345 एलटीटी-तिरुवनंतपुरम नेत्रवती एक्सप्रेस (जेसीओ) 11.02.2025

16346 तिरुवनंतपुरम - एलटीटी नेत्रवती एक्सप्रेस जेसीओ 10.02.2025

12617 एरणाकुलम - हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस जेसीओ 10.02.2025

19577 तिरुनेलवेलि - जामनगर एक्सप्रेस जेसीओ 10.02.2025

नोटः यात्रियों से अनुरोध है कि कृपया ध्यान दें कि 16346 तिरुवनंतपुरम - एलटीटी नेत्रवती एक्सप्रेस को यात्रियों के लाभ के लिए रोहा स्टेशन पर डबल हॉल्ट/ठहराव प्रदान किया जाएगा।

# रेलवे द्वारा आंगनवाड़ी मेले के लिए मुंबई एवं सावंतवाड़ी के बीच 2 अतिरिक्त विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रेलवे आंगनवाड़ी मेले के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सावंतवाड़ी रोड के बीच 2 अतिरिक्त विशेष ट्रेनें संचालित करेगा।

### विवरण इस प्रकार है :

लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सावंतवाड़ी रोड स्पेशल (2)

ट्रेन संख्या 01134 विशेष ट्रेन 23.2.2025 (रविवार) को 18.00 बजे सावंतवाड़ी रोड से रवाना होगी और अगले दिन 06.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 01133 विशेष ट्रेन 24.2.2025 (सोमवार) को 08.20 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होगी और उसी दिन 19.00 बजे सावंतवाड़ी रोड पहुंचेगी।

संरचनाः एक एसी 2-टियर, तीन एसी 3-टियर, दो एसी 3-टियर-इकोनॉमी, 8 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सेकेंड सीटिंग सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार।

ठहरावः ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगाँव, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, आडवली, विलवडे, राजापुर रोड, वैभववाडी रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग और कुडाल।

आरक्षणः ट्रेन संख्या 01133 के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग 11.2.2025 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर मिलेंगी।

इन विशेष ट्रेनों में सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच अनारक्षित कोच के रूप में चलेंगे और टिकट UTS के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं।

इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# भारतीय रेल: कश्मीर चलें हम!

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



जया वर्मा सिन्हा
भारतीय रेल की पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

चिनाब नदी के गहरे हरे पानी को मापता दुनिया का सबसे ऊँचा रेल पुल, आपको तेज सर्द हवाओं के साथ रोमांच का भी अनूठा एहसास कराता है। ऊंची-ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा चिनाब नदी का यह पुल, समुद्र तल से 359 मीटर ऊपर है - ऊँचाई में, एफिल टॉवर से 35 मीटर, और कुतुब मीनार से लगभग पाँच गुना ज्यादा ऊँचा! बादलों का मुकुट पहने, पहाड़ों के सीने पर चौड़ी और मजबूत नींवों के सहारे अडिग खड़ा यह पुल भारतीय रेल की प्रौद्योगिकी चेतना का प्रतीक तो है ही, हमारी आधुनिकीकरण की आकांक्षाओं का सचेतक भी है। अत्याधुनिक मशीनरी और रखरखाव से लैस, 266 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ़्तार की हवाओं का सामना करने में सक्षम, चिनाब पुल उधमपुर श्रीनगर बारामुला रेल लिंक (USBRL) की उत्कृष्ट उपलब्धियों का द्योतक है। लगभग 37,000 करोड़ की लागत से निर्मित, USBRL की 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन, विश्व की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। दुर्गम गहन घाटियों और ऊँचे पहाड़ों को चीरती ये रेलवे लाइन 943 पुलों और 36 मुख्य सुरंगों से होकर गुजरती है, जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग, T-50, जो 12.77 किलोमीटर लंबी है, शामिल है। USBRL के कटरा - बनिहाल सेक्शन पर भारत का पहला केबल-स्टेड रेल पुल, अंजी खड्ड ब्रिज है। 96 केबल्स के सहारे टिका, समुद्र तल से 331 मीटर ऊँचा और 725 मीटर लंबा पुल, डिजाइन और इंजीनियरिंग का बानगी है। कश्मीर को समग्र और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करती यह लाइन, दुनिया के सबसे आकर्षक एवं सुहावने मंजर को भी अपने अनुभवों में पिरोए हुए है। यह रेल लिंक पर्यटन, व्यापार और सुरक्षा को बढ़ावा देने में सक्षम है जिससे जम्मू और कश्मीर के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य मे भी उन्नति होगी। इस लाइन पर बने रेलवे स्टेशन जम्मू और कश्मीर की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। काजीगुंड, जिसे 'कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार' भी कहा जाता है, दक्षिण कश्मीर और पूर्वी क्षेत्रों के मध्य एक महत्वपूर्ण संपर्क के रूप में कार्य करता है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर और अनंतनाग स्टेशन कश्मीर घाटी की आर्थिक गतिविधि के प्रमुख केंद्र हैं। इसके अलावा, रियासी एवं कटरा स्टेशन, माता वैष्णो देवी मंदिर से निकटता के कारण आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। जल्द ही कटरा से श्रीनगर के लिए अत्याधुनिक वन्दे भारत ट्रेन का USBRL रेलवे लाइन पर नियमित रूप से परिचालन होगा, जिसका हम सब देशवासियों को भी बेसब्री से इंतजार है! यहाँ परिचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को कश्मीर की सर्दी एवं बर्फबारी की चुनौतीपूर्ण परिस्तिथियों में सुचारू संचालन के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं के अलावा, इसके उन्नत हीटिंग सिस्टम्स यह सुनिश्चित करते हैं कि यह ट्रेन, शून्य से नीचे के तापमान में भी, आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करे। ड्राइवर के सामने के ग्लास मे भी हीटिंग उपकरण लगे है, ताकि सर्दी में भी स्पष्ट दृश्यता हो सके। कश्मीर की अपनी वन्दे भारत विश्व स्तरीय यात्रा के लिए तैयार है।

'कश्मीर से कन्याकुमारी' तक भारत हमेशा एक रहा है। भारतीय रेल की यह नवनिर्मित रेलवे लाइन, इस क्षेत्र को वर्षों से बाधित विकास कार्यों को पूरा करने के साथ कश्मीर को निर्बाध रेल कनेक्टिविटी प्रदान कर रही है, जिसके साथ ही यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास के नये आयाम तय करेगा। कश्मीर घाटी का प्रहरी, पीर पंजाल, बनिहाल सुरंग से गुजरती ट्रेन के पहियों के मधुर संगीत के इंतजार मे है! सचमुच, कश्मीर अब दूर नहीं है!

# दिल्ली के दिल में खिला कमल... फडणवीस ने दी बधाई, अजित पवार बोले-राजधानी बनेगी सुंदर शहर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी की सत्ता में वापसी पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खुशी व्यक्त की है। फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि दिल्ली के दिल में बसा कमल! फडणवीस ने इस जीत के लिए पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। फडणवीस ने लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में दिल्ली में ऐतिहासिक जीत मिली है। उन्होंने लिखा है कि दिल्ली में भाजपा की प्रचंड व अभूतपूर्व जीत के लिए प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सभी कार्यकताओं को बधाई और मतदाताओं का आभार।

# भारत घूमने आए यूएस आर्मी के पूर्व सैनिक, नागपुर में मिला प्यार और यहीं बस गए, अब उन्हें भी जेल जाने का डर

नागपुर : अमेरिकी जोशुआ लेबोविट्ज को ट्रंप प्रशासन के निकाले गए लोगों से सहानुभूति है। 43 साल के जोशुआ नागपुर में रहते हैं। वर आर्मी छोड़ने के बाद वह गैरकानूनी रूप से यहीं रह रहे हैं। इराक युद्ध के पूर्व सैनिक को खुद नागपुर में निर्वासन या जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है।

# नाला किनारे मलबा डंप करने वाले वाहन पर 30 हजार की दंडात्मक कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई , स्वच्छता में अग्रणी नवी मुंबई शहर में बिना किसी अनुमति के फेंके जा रहे मलबे से शहर की स्वच्छता में बाधा आ रही है, इसे ध्यान में रखते हुए मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निदेर्शानुसार इस मामले पर गंभीरता से ध्यान दिया जा रहा है ।इसी तहत सर्कल 2 के उपायुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़ के नियंत्रण में सर्कल 2 की अतिक्रमण विरोधी मलबा हटाने वाली टीम ने ऐरोली सेक्टर 10 में खाड़ी के किनारे मलबा डंप करते समय वाहन को पकड़ लिया। उसे अपनी हिरासत में ले कर वाहन मालिक से 30 हजार रुपए की जुमार्ना राशि वसूल की गई है। इसके पहले भी इस तरह की कार्रवाई की गई है और भविष्य में शहर की स्वच्छता में बाधक तत्वों के खिलाफ और भी कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस आशय की चेतावनी मनपा अधिकारियों ने दी है। उनका कहना है कि शहर को अस्वच्छ करने की हरकत किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

# लव मैरेज की, फिर कई पुरुषों के साथ अफेयर, नागपुर में महिला की हत्या के बाद बढ़ा सस्पेंस

नागपुर में एक व्यक्ति ने पैसों के विवाद पर अपनी महिला मित्र की हत्या कर दी। आरोपित ने पहले महिला के साथ शराब पी और फिर गला घोंटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उस पर बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/ नागपुर : महाराष्ट्र के नागपुर में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। हुडकेश्वर पुलिस ने बताया कि एक 33 साल की महिला की हत्या कर दी गई ।महिला की हत्या के मामले में एक संदिग्ध शख्स को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आदमी ने महिला के साथ शराब पी। फिर उसके साथ जबरदस्ती की और गला घोंटकर उसकी जान ले ली। यह घटना एक किराए के कमरे में हुई। हालांकि पुलिस मामले की और जांच कर रही है। सामने आया है कि महिला के कई लोगों के साथ संबंध थे। जोनल रश्मिता राव ने 10 घंटे से ज्यादा समय थाने में बिताकर मामले की जांच की निगरानी की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी पर बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया है ।टूटा मंगलसूत्र मिलामहिला का शव कमरे के फर्श पर मिला। उसके दाएं कान से खून बह रहा था। कान के नीचे भी चोट के निशान थे। तकिये और उसके हाथ पर भी खून के धब्बे मिले।

पश्चिम रेलवे
एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज सिस्टम
वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा निविदा सूचना क्र. : ईएल-81-896-डब्ल्यूए-56 (आर), दि. 06.02.2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान : मुंबई मंडल – भाईंदर, वसई रोड, घोलवड, वलसाड और दोंडाईचा में एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज सिस्टम का प्रावधान. कार्य की अनुमानित लागत : रु. 1,77,00,000.00/-, बोली सुरक्षा ईएमडी का मूल्य : रु. 2,38,500/-, जमा करने की तिथि एवं समय : 05.03.2025 को 15.00 बजे तक, खुलने की तिथि एवं समय : 05.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें.
1052
आम्हाला लाइक करा: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
विभिन्न कार्य
मुख्य कार्यशाला प्रबंधक ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी, मुंबई – 400 013 द्वारा ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल90/एमएक्स/2024-25/16 दिनांक : 03.02.2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम : बीटी मेधा, सीमेन्स, एसी भेल तथा एमईएमयू रेक्स में इलेक्ट्रो न्यूमैटिक ब्रेक ऑपरेशन्स का परीक्षण और नये एसएस पाइप फिटिंग्स से प्रतिस्थापन और क्षतिग्रस्त एसएस पाइप फिटिंग्स की स्ट्रिपिंग के जरिए रेक्स की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. कार्य की अनुमानित लागत : रु. 3,18,82,154.74/-, जमायोग्य बयाना रकम : रु. 3,09,400/-, निविदा जमा करने की तिथि एवं समय तथा निविदा का खुलना : निविदा 26.02.2025 को 12.00 बजे तक जमा (इलेक्ट्रॉनिकली) की जा सकती है. वेबसाइट विवरण : निविदा विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है और प्रस्ताव जमा किए जा सकते हैं.
1045
Like us on: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008
कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM24-31 | 21.02.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MSS-BCT-VAPI-PrKiosk 51-25-1 (Misc-Static- Services-Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु वापी स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क / प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 21-02-25, 14:30:00 |
| 2. | MSS-BCT-BL- PrKiosk-49-25-1 (Misc-Static-Services -Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापनों के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 21-02-25, 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-DDR- BCA-52-25-1 (Misc- Static-Services-Battery Operated Carts with Advertisement) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर बीओसी की बॉडी पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु अनुमति और संचालकों के साथ-साथ 3 (तीन) बैटरी संचालित कार्ट्स (बीओसी) की आपूर्ति, संचालन और अनुरक्षण के कार्य हेतु ई-नीलामी करना. | 1826 | 21-02-25, 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1 (Misc-Static-Services-Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 21-02-25, 15:00:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-74 | 21.02.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-CCG-OH-394-25-1 (Advertising Out of Home) | सड़क दिशा उन्मुख, प्लेटफॉर्म क्र. 1 पिलर वॉल्स की पश्चिमी तरफ, चर्चगेट स्टेशन पर वॉल पेंटिंग के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार | 730 | 21-02-25, 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-MEL-OSD-355-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) | 5 वर्षों की अवधि हेतु स्टेशन भवन पर मरीन लाइंस (एमईएल) में एलईडी स्क्रीन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 21-02-25, 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-MMCT-OSD-395-25-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) | 5 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई सेंट्रल (मेन) स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में थोक विज्ञापन अधिकार. | 1826 | 21-02-25, 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-ADH-OSN-392-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु प्लेटफॉर्म्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 21-02-25, 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु फूट ओवर ब्रिजेस तथा सीढ़ियों की लैंडिंग्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 21-02-25, 16:10:00 |

टिप्पणी : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.
1054
Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: twitter.com/WesternRly

# दिल्ली में भाजपा की जीत पर ठाणे में कार्यकताओं ने मनाया जश्न

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



ठाणे , दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद, ठाणे शहर जिला भाजपा अध्यक्ष संजय वाघुले के नेतृत्व में भाजपा ने वर्तक नगर मंडल कार्यालय के बाहर जीत का जश्न मनाया। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर और ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र के बाद भाजपा ने दिल्ली में भी इतिहास रचा। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुख, मंडल पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता वर्तकनगर में जीत के जश्न में शामिल हुए। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय नेतृत्व, भाजपा की संगठनात्मक रणनीति और देश भर में पार्टी द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी नीतियों के कारण हुई। संजय वाघुले ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है।

# सामाजिक न्याय व महिला अधिकारिता बोर्ड की ठाणे , पुणे जिले की उपाध्यक्ष बनी वनितताई फड़तरे





**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

ठाणे , घोडबंदर के ओवला कोलीवाड़ा इलाके में हल्दीकुमकुम कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड की तरफ आयोजित किया गया। इस दौरान ठाणे, पुणे और मराठवाड़ा डिवीजन के लिए श्रीमती वनिता कलुराम फडतरे को महिला उपाध्यक्ष नियुक्ति गया। सामाजिक न्याय एवं महिला अधिकारिता बोर्ड,महाराष्ट्र राज्य के उपाध्यक्ष किशोर खत्री ने बोर्ड के विस्तार के लिए सदस्यता अभियान शुरू किया है। उन्होंने ने बताया कि यह सामाजिक न्याय बोर्ड गरीब, असहाय शोषित महिलाओं की मदद के लिये काम करता है। महिला से सम्बंधित किसी भी परेशानियों को हल करने के लिए इस बोर्ड का गठन हुआ है। जिसके तहत शहर जिले की महिलाओं को इस बोर्ड से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। यदि किसी भी महिला के साथ अत्याचार हो रहा है तो उससे निपटने के लिए यह सामाजिक न्याय बोर्ड प्रयास करेगा। किशोर खत्री ने कहा की इस बोर्ड का सम्बंध दिल्ली से है और बोर्ड पूरे देश मे सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। खत्री ने बताया कि मुझे बोर्ड ने महाराष्ट्र राज्य का उपाध्यक्ष बनाया है। इसी के तहत हम बोर्ड के विस्तार के लिए महिलाओं को संगठित कर रहे हैं।

ठाणे, पुणे और मराठवाड़ा डिवीजन के लिए महिला उपाध्यक्ष श्रीमती वनिता कालूराम फडतरे को नियुक्ति पत्र दिया गया है। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने ताली बजाकर श्री वनितताई फड़तरे की नियुक्ति का स्वागत किया। उपाध्यक्ष पद के लिए नियुक्ति पत्र मिलने पर वनितताई फड़तरे ने कहा कि हमारे ऊपर बोर्ड ने जो विशवास जताया है मै उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। पूरी ईमानदारी के साथ महिला सशक्तिकरण के लिए और महिलाओं पर हो रहे जुर्म अन्याय के खिलाफ सामाजिक न्याय बोर्ड के साथ मिलकर कार्य करुँगी यही हमारा उद्देश्य रहेगा है। उक्त अवसर पर महाराष्ट्र उपाध्यक्ष किशोर खत्री,उपाध्यक्ष थाने,पुणे जिला उपाध्यक्ष वनितताई फड़तरे, कुंदाताई धनावटे,राजू सावले,विजया तायड़े, संगीत घुगे आदि उपस्थित रहे।

# सोशल एक्टिविस्ट शिखा सिंह लुबाना राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार से सम्मानित

## यंगिस्तान फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक कार्यों को अंजाम दे रहीं है शिखा सिंह लुबाना।







**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अंबरनाथ. बेटियां भारत का सुनहरा भविष्य है। बेटियों की सफलता सिर्फ उन्हीं तक सीमित नहीं रहती बल्कि उसके परिवार,समाज और अनेकों बेटियों के लिए प्रेरणा का काम करती हैं।स्वस्थ और सबल समाज के निर्माण में बेटियों का प्रत्येक क्षेत्र में आगे आना देश काल और परिस्थितियों के अनुसार सकारात्मक पहल है। अंबरनाथ पश्चिम निवासी शिखा सिंह लुबाना भी एक ऐसी ही बेटी है जो अपने कृतित्व और व्यक्तित्व से समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभा रही है।सामाजिक कार्यकर्ता, समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली शिखा सिंह लुबाना ने लेट्स फाइट अगेंस्ट हंगर,स्वच्छता अभियान,रक्तदान शिविर,शिक्षित हिंदुस्तान-विकसित हिंदुस्तान, पहल,कंबल वितरण, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण,सैनिटरी पैड वितरण एवं जागरूकता अभियान जैसे कई सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका निभाई है। शिखा सिंह लुबाना यंगिस्तान फाउंडेशन से सक्रिय रूप से जुड़कर समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

शिखा सिंह को अभी हाल ही में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।उन्हें 3 फरवरी 2025 को बिहार के छपरा जिले में संपन्न हुये राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार समारोह में देशभर से चयनित 30 युवा प्रतिनिधियों में से बिहार राज्य के पूर्व श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम के हाथों पुरस्कृत किया गया।उन्हें फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया के द्वारा राष्ट्रीय प्रेरणा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।शिखा को इससे पहले भी उनके कार्यों, सेवाओं,समर्पण और समाज के लिए कुछ कर गुजरने की ललक से अनेकों पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं जैसे प्राइड ऑफ यंग हिंदुस्तान अवार्ड 2021, कोरोना योद्धा सम्मान 2021, निशाने हिंद इंटरनेशनल अवार्ड 2021, द रियल सुपर वुमन अवार्ड 2021, डिजिटल इंडिया आइकन अवार्ड 2024, और ह्यूमैनिटेरियन सेवा साथी सम्मान 2024 जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी हैं।

यंगिस्तान फाउंडेशन ने कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में समाज के जरूरतमंद, दीन हीन लोगों की सेवा आगे बढ़कर की। लोगों को भोजन,कपड़ा, ऑक्सीजन और जरूरत की अन्य चीजों को पहुंचाने और अन्य प्रकार से उनकी मदद करने में आगे आकर कार्य किया।शिखा सिंह जैसा कार्यशील व्यक्तिव समाज की अन्य लड़कियों और महिलाओं के लिए समाज में कुछ अच्छा करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

# जिले में आरटीई प्रवेश के लिए 25 हजार 773 आवेदन दाखिल; ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए 10 फरवरी को लॉटरी की घोषणा की जाएगी




**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

ठाणे , ठाणे जिले में सभी पंचायत समिति और महानगर पालिका के अंतर्गत कुल 627 पात्र स्कूल हैं और 'आरटीई' के तहत 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए कुल 11 हजार 326 स्थान उपलब्ध हैं। उसके लिए अंतिम 25 हजार 773 आवेदन आए हैं।आरटीई 25 प्रतिशत ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया लॉटरी कार्यक्रम सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए विभिन्न चैनलों पर लाइव देखने के लिए महाराष्ट्र राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (शिक्षा प्राधिकरण) की बैठक 10 फरवरी, 2025 को दोपहर 01.00 बजे पुणे में होगी। सभी संबंधितों से जिला प्रशासन के माध्यम से ध्यान देने का अनुरोध किया गया है। बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत, वंचित, कमजोर और सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के बच्चों को 25 प्रतिशत सीटों पर निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में मुफ्त प्रवेश दिया जाता है। माता-पिता के लिए सहायता केंद्रों की सूची, ऑनलाइन प्रक्रिया में आवेदन पंजीकरण के संबंध में उपयोगकर्ता मैनुअल, आवश्यक दस्तावेज आदि से संबंधित सभी जानकारी सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। शिक्षा अधिकारी बालासाहब राक्षे ने बताया कि सभी संबंधितों को इस पर ध्यान देना चाहिए।

फास्ट ट्रैक

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर उल्हासनगर में पार्टी कार्यकताओं ने जश्न मनाया

**भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर आप पार्टी को सत्ता से बेदखल किया।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

उल्हासनगर. दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की विशाल जीत के बाद उल्हासनगर में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं ने जमकर ढोल ताशों की धुन पर गुलाल उड़ाकर और मिठाई बाटकर जश्न मनाया। इस जश्न में प्रदीप रामचंदानी के साथ अवि पंजाबी,मनोज साधनानी,लखी नथानी,नरेश थारवानी,हरेश भाटिया किशोर बनवारी,अशोक चिमनानी आदि नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी और मतगणना शनिवार 8 फरवरी को हुई। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में भाजपा ने 48 सीट जीतकर दिल्ली में आप पार्टी के तिलिस्म को तोड़ सत्ता के सिंहासन को हासिल किया है। इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे दिग्गज भी अपनी सीट न बचा पाए।

## कलान में किशोरी सफाई कर्मचारी के साथ फरार

**कैश सहित जेवरात लेकर घर से गायब, पिता की शिकायत पर केस दर्ज किया**

कलान, कस्बा कलान में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 16 वर्षीय किशोरी नगर पंचायत में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत युवक के साथ फरार हो गई। किशोरी घर से 60 हजार रुपए की नगदी के साथ-साथ कई कीमती जेवरात भी साथ ले गई। जब किशोरी के पिता बाजार गए हुए थे और मां सामान खरीदने गई थी। घर पर अकेली किशोरी ने इस मौके का फायदा उठाया। आरोप है कि दारापुर थाना कायमगंज, फरुर्खाबाद निवासी धर्मपाल का पुत्र ओमपाल वाल्मिकी किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी बेटी घर से झाले, अंगूठी, लर, वेसर, पायजेब, बिछुआ, हाथफूल और कुंडल जैसे जेवरात के साथ 60 हजार रुपए की नगदी भी ले गई है। परिवार ने काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी निरीक्षक कलान प्रभाष चंद्र ने बताया कि किशोरी के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम किशोरी की तलाश में जुटी हुई है।

## नेशनल हाईवे किनारे बना अवैध निर्माण ध्वस्त

**एसडीएम बोले– मानकहीन प्लाटिंग पर कार्रवाई जारी रहेगी**

तिलहर, कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे के किनारे अवैध रूप से की गई प्लाटिंग पर शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम जीत सिंह राय की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। नायब तहसीलदार मनु माथुर के नेतृत्व में टीम ने राम जानकी मंदिर के सामने स्थित प्लाटिंग में बने दो कमरों और बाउंड्री वॉल को तोड़ दिया। नगर पालिका परिषद की जेसीबी मशीन से प्लाटिंग क्षेत्र में बनाई गई नालियों और सड़क किनारे की दीवारों को भी गिरा दिया गया। कार्रवाई के दौरान नेशनल हाईवे किनारे सैकड़ों लोग जमा हो गए, जिन्हें हटाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्लाटिंग से जुड़े कुछ लोग अपना पक्ष रखने एसडीएम और नायब तहसीलदार के पास पहुंचे, लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक न सुनी और कार्रवाई जारी रखी। एसडीएम जीत सिंह राय ने स्पष्ट किया कि प्लाटिंग केवल सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार ही की जा सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि मानकहीन प्लाटिंग के खिलाफ पहले भी कार्रवाई हुई है और आगे भी जारी रहेगी।

# वित्त मंत्री ने छात्रों को दिए टेबलेट

- बोले– तकनीक के साथ आगे बढ़ने से मिलती है तरक्की, सही उपयोग करें

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर स्थित जीएफ कॉलेज में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए। मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब तक 60 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन और टैबलेट दिए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 2 करोड़ छात्र-छात्राओं तक यह सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत कार्यक्रम में एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएसडब्ल्यू और एमएड के विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए गए। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सैयद मोइनुद्दीन ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया, जबकि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां ने उनका परिचय प्रस्तुत किया। डॉ. मंसूर अहमद सिद्दीकी के संचालन में संपन्न इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों में देरी पर डीएम सख्त

- अधिशासी अभियंता का वेतन रोका, अधीक्षण अभियंता को नोटिस

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मिर्जापुर, विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका ने कड़ा रुख अपनाया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में निर्माण कार्यों, पूर्वांचल विकास निधि और विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने पर सिंचाई खंड चुनार के अधिशासी अभियंता का वेतन रोकने का आदेश दिया गया। साथ ही, अधीक्षण अभियंता सिंचाई को भी शो कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया गया। आंशिक जलापूर्ति शुरू अमृत योजना के तहत नगर पालिका परिषद पुनर्गठन पेयजल योजना का काम 93% पूरा हो चुका है। नवनिर्मित इंटेकवेल और डब्ल्यूटीपी के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। लालगंज में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत मल्टी पर्पज सीड स्टोर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। भूतल और प्रथम तल का स्लैब का काम पूरा हो चुका है।

# समाजवादी पार्टी की पीडीए जनपंचायत

- संविधान की रक्षा का लिया संकल्प, विधानसभा चुनाव तक चलेगा अभियान

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




मिर्जापुर, मिर्जापुर में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) जनपंचायत में संविधान की रक्षा का महत्वपूर्ण संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन चुनार, मझवां, मड़िहान, छानबे और सदर विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न सेक्टरों में किया गया। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में सभी विकास खंडों में विकास कार्य होते थे, लेकिन वर्तमान केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। उन्होंने थानों में दलालों के बढ़ते प्रभाव और भाजपा नेताओं द्वारा बिचौलियों को दिए जा रहे संरक्षण पर भी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके विचारों और संविधान की मूल भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव तक पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए जनपंचायत अभियान को निरंतर जारी रखने की घोषणा की। कार्यक्रम में राणा प्रताप सिंह, दिनेश यादव, विरेन्द्र यादव, शैलेष पटेल सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक्सीडेंट में महिला-युवक की मौत

## बरेली के रहने वाले थे दोनों, अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, सीतापुर हाइवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक और एक महिला की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बरेली के थाना प्रेमनगर क्षेत्र के मोहल्ला भूड़ निवासी 23 वर्षीय देवेश के रूप में हुई है। महिला की पहचान उसी क्षेत्र की रहने वाली 36 वर्षीय शिप्रा जौहरी के रूप में हुई है, जो विवेक जौहरी की पत्नी थीं। वाहन चालक की तलाश कर रही पुलिस थाना प्रभारी राजीव कुमार के अनुसार, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों मृतक आपस में किस तरह के रिश्ते से जुड़े थे और वे कहां से कहां जा रहे थे। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया है, जो शाहजहांपुर के लिए रवाना हो गए हैं। परिजनों के आने के बाद ही इस संबंध में अधिक जानकारी मिल पाएगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

# दरोगा ने बीच सड़क पर युवक को पीटा

**साइकिल से गिरने के बाद गर्दन पर पैर रखकर मारा, लाइन हाजिर हुआ**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, बंडा थाना क्षेत्र में पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया था। एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें दो पुलिसकर्मी एक युवक की बेरहमी से पिटाई करते दिखाई दिए। वीडियो में एक पुलिसकर्मी युवक की गर्दन पर पैर रखकर मारपीट करता नजर आया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दरोगा स्वरूप सिंह और एक कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया। मामले की जांच सीओ पुवायां निष्ठा उपाध्याय को सौंपी गई है। जांच में सामने आया कि पीड़ित युवक साइकिल से सब्जी खरीदकर घर लौट रहा था। नशे की हालत में होने के कारण वह साइकिल से गिर गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उससे अभद्रता शुरू कर दी। कांस्टेबल ने युवक को पीटना शुरू किया। जिसमें बाद में दरोगा भी शामिल हो गए। किसी राहगीर ने इस घटना का वीडियो बना लिया। जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सीओ पुवायां निष्ठा उपाध्याय ने पुष्टि की है कि वायरल वीडियो के मामले में दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

# बिजली तार और पानी का पाइप डालने पर विवाद




**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

तिलहर, मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में एक किसान की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने अपने खेत में अवैध रूप से बिजली का तार और पानी का पाइप डालने का विरोध किया था, जिसके बाद आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, मुड़िया चक गांव के राजेश कुमार जब अपने खेत पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि राजीव (छोटेलाल का पुत्र), उसका बेटा छोटू, पत्नी मनोरमा और बेटी गुड्डी उनके खेत से होकर पानी का पाइप और करंट वाला तार बिछा रहे थे। जब राजेश ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें धमकाया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

**भारत संवाद परिवार**

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# दावा- यूक्रेन के जर्जिस्क शहर पर रूस का कब्जा

## यहां 5 महीने में 26 हजार यूक्रेनी सैनिक मारे गए, 2 गांव भी रूसी कंट्रोल में

एजेंसी

कीव, रूस के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक वीडियो जारी कर यूक्रेन के जर्जिस्क शहर पर कब्जे का दावा किया। रूसी न्यूज आउटलेट आरटी के मुताबिक यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में स्थित इस शहर पर रूस ने कब्जा कर लिया है। जर्जिस्क के अलावा रूस ने यहां मौजूद दो गांव द्रुज्बा और क्रिम्सकोये पर भी कंट्रोल की बात कही। रूसी सेना ने कहा है कि यूक्रेन ने शहर की रक्षा के लिए लगभग 40,000 सैनिकों को तैनात किया था। 5 महीने की लड़ाई में इसमें से 26,000 सैनिक की मौत हो गई। वीडियो फुटेज में रूसी ड्रोन्स को यूक्रेनी रसद और सैनिकों को निशाना बनाते देखा गया। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा- यूक्रेनी सेना ने शहर की लगभग हर इमारत को किले में तब्दील कर दिया था। शहर के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से की रक्षा करने के लिए कई तरह की तकनीक अपनाई गई थी।



24 फरवरी 2022 को शुरू हुई रूस यूक्रेन जंग को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं। यूक्रेन का दावा है कि अभी युद्ध के मोर्चे पर संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने के लिए तैयार हो गए हैं। जेलेंस्की का कहना है कि अगर पुतिन से बातचीत एकमात्र तरीका है जिससे यूक्रेन में शांति आ सकती हैं तो हमारा देश इसे जरूर अपनाएगा। हालांकि डायलॉग टेबल मैं पुतिन के प्रति बहुत निर्दयी रहूंगा। ईमानदारी से कहूं तो मैं उन्हें दुश्मन मानता हूं और वो भी मुझे दुश्मन मानते हैं।

### जेलेंस्की बोले- अब तक 45,100 यूक्रेनी सैनिक की मौत

जेलेंस्की ने मंगलवार को एक इंटरव्यू में कहा कि रूस से युद्ध में अब तक 45,100 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। जबकि 3.90 लाख सैनिक घायल हुए हैं। उनका दावा है कि 2022 से अब तक रूस के 3.50 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और 7 लाख लोग घायल या लापता हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि मेरा मानना है कि अगर हम डायलॉग की तरफ बढ़ते हैं तो इसमें अमेरिका, यूरोप, यूक्रेन और रूस का शामिल होना जरूरी है। हम यूक्रेन की जमीन पर रूस के किसी भी कब्जे को मान्यता नहीं देंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस को हमारी जमीन से बाहर निकालने के लिए पश्चिमी देशों की तरफ से मिला समर्थन पर्याप्त नहीं है। दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध में मदद के बदले यूक्रेन से रेयर अर्थ मटेरियल (दुर्लभ मृदा संसाधन) को लेकर समझौता करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन को अपने यूरोपीय सहयोगियों के मुकाबले ज्यादा सैन्य और आर्थिक सहायता भेजी है। जंग शुरू होने के बाद से अमेरिका यूक्रेन को करीब 63 अरब डॉलर (5.45 लाख करोड़ रुपए) की मदद दे चुका है। ट्रम्प अपने इलेक्शन कैंपेन के दौरान भी एक दिन में यूक्रेन वॉर खत्म कराने की बात कह चुके हैं। हालांकि उन्होंने इसके बारे में कोई डिटेल नहीं दी थी।

# हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया

## इजराइल भी 183 फिलिस्तीनी कैदी छोड़ेगा, सीजफायर के बाद पांचवीं अदला बदली

एजेंसी



तेल अवीव, फिलिस्तीन का उग्रवादी संगठन हमास ने सीजफायर समझौते के तहत शनिवार को 3 इजराइली बंधकों को रिहा कर दिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक इन बंधकों को नाम एली शराबी (52), ओहद बेन अमी (56) और ओर लेवी (34) हैं। इन तीनों बंधकों को रेडक्रॉस संगठन को सौंप दिया गया। रेडक्रॉस इन्हें गाजा से निकालकर इजराइल ले जाएगी। रिहाई के बाद इन तीनों बंधकों की तस्वीरें जारी हुई हैं, जिनमें ये काफी दुबले और बीमार दिखाई पड़ रहे हैं। बंधकों के पहुंचने के बाद इजराइल 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। कतर में 19 जनवरी को हुए सीजफायर डील के तहत यह बंधकों की पांचवीं अदला बदली है। समझौते के प्रभावी होने के बाद से अब तक कुल 16 इजराइली और 5 थाई बंधकों को रिहा किया जा चुका है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हजारों लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर 1200 लोगों को बंधक बना लिया था। इसके साथ 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था। इसके चंद घंटे बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया था। सीजफायर पर बात करने दोहा जाएगा इजराइली प्रतिनिधिमंडल एली शराब को किबुत्ज बेरी इलाके से बंधक बनाया गया था। हमास ने यहां हमला कर उनकी पत्नी लियान और बेटियों का कत्ल कर दिया था। वहीं ओहद बेन अमी को और उनकी पत्नी को किबुत्ज अकाउंटेंट से किडनैप किया गया था। हालांकि, बेन अमी की पत्नी को 2023 में हुई सीजफायर डील के तहत रिहा कर दिया गया था। कंप्यूटर प्रोग्रामर ऑर लेवी को दक्षिणी इजराइल में नोवा म्यूजिक फैस्टिवल से बंधक बनाया गया था। हमले के दौरान उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। इजराइली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने कहा कि अदला-बदली पूरी होने के बाद, युद्धविराम पर आगे की बातचीत के लिए एक इजरायली प्रतिनिधिमंडल कतर की राजधानी दोहा जाएगा। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच कैदियों के अदला बदली यह डील 19 जनवरी से शुरू हुई है।

यह डील तीन फेज में पूरी होगी। इसमें 42 दिन तक बंधकों की अदला-बदली की जाएगी।

# बाइडेन के सीक्रेट अमेरिकी फाइल्स देखने पर रोक

## ट्रम्प का आदेश, कहा- उनकी याददाश्त ठीक नहीं; 2021 में बाइडेन ने यही किया था

एजेंसी



वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की सिक्योरिटी क्लियरेंस (खुफिया जानकारी तक पहुंच) रद्द कर दी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि गोपनीय जानकारी तक बाइडेन की पहुंच बने रहने की कोई जरूरत नहीं है। साल 2021 में राष्ट्रपति बनने के बाद बाइडेन ने भी ट्रम्प के साथ ऐसा ही किया था। ट्रम्प ने दावा किया कि जस्टिस डिपार्टमेंट की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बाइडेन की याददाश्त खराब है। ऐसे में संवेदनशील जानकारी को लेकर उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। ट्रम्प ने लिखा- मैं हमेशा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की हिफाजत करूंगा। हूर रिपोर्ट फरवरी 2024 में आई थी। इसमें कहा गया था कि बाइडेन अपने बेटे की मौत का साल और बराक ओबामा के दौर में उपराष्ट्रपति रहने के दौरान कई अहम घटनाओं को भूल चुके थे। हालांकि तब बाइडेन ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। बाइडेन ने भी ट्रम्प का सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द किया था ट्रम्प ने लिखा- बाइडेन ने 2021 में मिसाल कायम की थी। तब उन्होंने खुफिया समुदाय (इंटेलिजेंस कम्युनिटी) को अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति (ट्रम्प) की सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दिया था। जबकि यह पूर्व राष्ट्रपतियों को दिया जाने वाला शिष्टाचार है। तब ऐसा पहली बार हुआ था जब किसी पूर्व राष्ट्रपति का सिक्योरिटी क्लियरेंस रोक दिया गया था। बाइडेन के कहा था कि ट्रम्प के बर्ताव की वजह से ऐसा कदम उठाया गया। उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सिक्योरिटी क्लियरेंस मिलने का मतलब क्या है? अमेरिकी राष्ट्रपतियों को सिक्योरिटी क्लियरेंस की जरूरत नहीं होती है और उन्हें अपने पद के आधार पर खुफिया जानकारी का एक्सेस होता है। पूर्व राष्ट्रपतियों को पारंपरिक तौर पर खुफिया ब्रीफिंग मिलती रही है, हालांकि इसकी पहुंच मौजूदा राष्ट्रपति के फैसले पर निर्भर है। सिक्योरिटी क्लियरेंस के जरिए पूर्व राष्ट्रपति यह समझ सकते हैं कि दुनिया में क्या हो रहा है, खासकर उन देशों से जुड़ी खुफिया जानकारी हासिल कर सकते हैं जो अमेरिकी हितों से जुड़े हैं। उन्हें यह समझने में भी मदद मिलती है कि दुनिया में कौन से खतरे पैदा हो सकते हैं। ट्रम्प ने 50 से ज्यादा अफसरों का क्लियरेंस रोका ट्रम्प पहले ही 50 से ज्यादा पूर्व खुफिया अधिकारियों की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर चुके हैं। इन सभी पर बाइडेन के पक्ष में 2020 के चुनाव में हस्तक्षेप करने का आरोप लगा था। जिन लोगों की सिक्योरिटी क्लियरेंस छीनी गई हैं,

उनमें पूर्व शीर्ष अमेरिकी सैन्य कमांडर मार्क मिले भी शामिल हैं। वे ट्रम्प के मुखर आलोचक हैं। अमेरिका के नए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मार्क मिले के व्यवहार की जांच करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति के पूर्व मुख्य चिकित्सा सलाहकार एंथनी फाउची, पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन के भी सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दिए हैं।

# अलास्का प्लेन हादसे में 10 लोगों की मौत

## एयरपोर्ट से 54किमी दूर मलबा मिला; गुरुवार को उड़ान के 39 मिनट बाद लापता हो गया था

एजेंसी



वॉशिंगटन, अमेरिका के अलास्का में गुरुवार को 10 लोगों को लेकर जा रहा चार्टर्ड प्लेन अचानक लापता हो गया था। न्यूज एजेंसी के मुताबिक प्लेन में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। बेरिंग एयर के इस विमान ने अलास्का के उनालाक्लीट शहर से नोम शहर के लिए उड़ान भरी थी। शुक्रवार को प्लेन का मलबा नोम एयरपोर्ट से लगभग 54 किमी दूर दक्षिण-पूर्व में मिला। नोम वालंटियर फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि प्लेन में 9 यात्री और एक पायलट था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार के डेटा के मुताबिक, उनालाक्लीट से उड़ान भरने के 39 मिनट बाद ही प्लेन रडार से गायब हो गया था। उनालकनीट से नोम की दूरी 235 किमी है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने बताया कि विमान के अंदर 3 शवों की पहचान कर ली गई है। बाकी के 7 शव अभी भी प्लेन के अंदर हैं, लेकिन रेस्क्यू वर्कर्स उन तक पहुंच नहीं पाएं हैं। फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि लापता विमान में सवार सभी यात्रियों के परिवारों को जानकारी दे दी गई है। उड़ान के 39 मिनट में रडार से गायब हो गया था प्लेन गुरुवार को खराब मौसम की वजह से सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा था, जिससे विमान का पता लगाने में मुश्किल हो रही थी। शुक्रवार को भी शुरूआती खोजबीन में प्लेन का सुराग नहीं मिला था। यह प्लेन उनालाक्लीट से उड़ान भरने के 39 मिनट बाद ही रडार से गायब हो गया था। कल फायर डिपार्टमेंट ने लोगों से अपील की थी कि वे खुद ही प्लेन की तलाश में न निकल जाएं, क्योंकि खराब मौसम की वजह से और ज्यादा लोग लापता हो सकते हैं। उनालाक्लीट, अलास्का के पश्चिमी तट पर स्थित है। यह नॉर्टन साउंड खाड़ी के पास है और नामिक नदी के मुहाने पर बसा हुआ है। यहां 690 लोग रहते हैं। नोम भी अलास्का के पश्चिमी तट पर स्थित है।

# भाजपा चुनाव जीतने की कोशिश में चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है: अखिलेश याद



**अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव जीतने की कोशिश में चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। आधिकारिक तौर पर अभी मिल्कीपुर विधानसभा सीट का परिणाम घोषित नहीं हुआ है लेकिन भाजपा उम्मीदवार सपा के उम्मीदवार से काफी आगे है। यह सीट राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अयोध्या जिले का हिस्सा है।**

एजेंसी

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव जीतने की कोशिश में चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। आधिकारिक तौर पर अभी मिल्कीपुर विधानसभा सीट का परिणाम घोषित नहीं हुआ है लेकिन भाजपा उम्मीदवार सपा के उम्मीदवार से काफी आगे है। अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में वस्तुतः पार्टी की हार स्वीकार करते हुए कहा, लोकसभा चुनावों में अयोध्या में हुई पीडीए की सच्ची जीत, उनके मिल्कीपुर के विधानसभा की झूठी जीत पर कई गुना भारी है और हमेशा रहेगी।उन्होंने कहा, पीडीए की बढ़ती शक्ति का सामना भाजपा वोट के बल पर नहीं कर सकती है, इसीलिए वो चुनावी तंत्र का दुरुपयोग करके जीतने की कोशिश करती है। यादव ने कहा, ये झूठी जीत है, जिसका जश्न भाजपाई कभी भी आईने में अपनी आंखों-में-आंखें डालकर नहीं मना पाएंगे। उनका अपराधबोध और भविष्य में हार का डर उनकी नींद उड़ा देगा। मिल्कीपुर विधानसभा सीट, अवधेश प्रसाद के पिछले साल लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट से निर्वाचित होने के बाद विधानसभा से इस्तीफा देने की वजह से रिक्त हुई है इसीलिए उपचुनाव कराया गया। मिल्कीपुर उपचुनाव, समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है, क्योंकि यह सीट राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अयोध्या जिले का हिस्सा है। इस सीट पर कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला सपा के अजीत प्रसाद और भाजपा के चंद्रभानु पासवान के बीच माना जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) यह उपचुनाव नहीं लड़ रही है, वहीं कांग्रेस इस सीट पर अपनी गठबंधन सहयोगी सपा का समर्थन कर रही है।

# घरेलू हिंसा के मामलों में संवेदनशीलता अत्यंत जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट ने परिवार के सदस्यों को अंधाधुंध तरीके से फंसाने के खिलाफ चेतावनी दी

**अदालत ने कहा कि घरेलू हिंसा से संबंधित आपराधिक मामलों में, शिकायतें और आरोप, जहां तक संभव हो, परिवार के प्रत्येक सदस्य के खिलाफ विशिष्ट होने चाहिए, जिन पर ऐसे अपराधों का आरोप लगाया गया है और उन पर मुकदमा चलाने की मांग की गई है, अन्यथा यह परिवार के सभी सदस्यों को अंधाधुंध घसीटकर कठोर आपराधिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हो सकता है।**



एजेंसी

घरेलू हिंसा के मामलों को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संभालने की जरूरत पर गौर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी आरोपी के परिवार के सदस्यों को आपराधिक मामले में विशिष्ट आरोप के बिना व्यापक तरीके से नहीं फंसाया जा सकता है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में भावनाएं चरम पर होती हैं और परिवार के अन्य सदस्यों को फंसाने की प्रवृत्ति हो सकती है जो शिकायतकर्ता के बचाव में नहीं आते हैं या उत्पीड़न की किसी भी कथित घटना के मूकदर्शक बने रहते हैं। अदालत ने कहा कि घरेलू हिंसा से संबंधित आपराधिक मामलों में, शिकायतें और आरोप, जहां तक संभव हो, परिवार के प्रत्येक सदस्य के खिलाफ विशिष्ट होने चाहिए, जिन पर ऐसे अपराधों का आरोप लगाया गया है और उन पर मुकदमा चलाने की मांग की गई है, अन्यथा यह परिवार के सभी सदस्यों को अंधाधुंध घसीटकर कठोर आपराधिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हो सकता है। ये टिप्पणियाँ एक फैसले में प्रतिबिंबित हुईं, जिसने उन परिवार के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया, जिनके खिलाफ एक महिला ने अपने ससुराल वालों के अलावा घरेलू हिंसा का मामला दायर किया था। तेलंगाना हाई कोर्ट ने मुख्य आरोपी की मौसी और चचेरे भाई के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि परिवार के सदस्यों को जिम्मेदार ठहराए गए विशिष्ट कृत्यों के बिना इसे आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता। जब गुस्सा बढ़ जाता है और रिश्ते कड़वे हो जाते हैं, तो आरोपों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की प्रवृत्ति भी होती है, जिसका मतलब यह नहीं है कि ऐसे घरेलू विवादों को आपराधिकता का रंग दे दिया जाना चाहिए।

# 'आज न्याय हुआ है', अरविंद केजरीवाल के हारते ही कुमार विश्वास ने दिया रिएक्शन

**कवि और सामाजिक कार्यकर्ता कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि न्याय मिल गया है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा को जीत के लिए बधाई देता हूं और मुझे उम्मीद है कि वे दिल्ली के लोगों के लिए काम करेंगे।**



एजेंसी

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए वोटों की गिनती जारी है और नवीनतम रुझानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में परचम लहराने की ओर अग्रसर है। कवि और सामाजिक कार्यकर्ता कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि न्याय मिल गया है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा को जीत के लिए बधाई देता हूं और मुझे उम्मीद है कि वे दिल्ली के लोगों के लिए काम करेंगे।

केजरीवाल पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कुमार विश्वास ने कहा कि मुझे उस आदमी से कोई सहानुभूति नहीं है जिसने आप पार्टी के कार्यकताओं के सपनों को कुचल दिया। दिल्ली अब उससे आजाद है। उसने उन सपनों का इस्तेमाल अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं के लिए किया। आज न्याय मिल गया। वहीं, उन्होंने कहा कि जब हमें मनीष सिसोदिया के जंगपुरा से हारने की खबर मिली तो मेरी गैरराजनीतिक पत्नी रो पड़ीं। नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल को भी हार का सामना करना पड़ा है अरविंद केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने हराया है। केजरीवाल को वर्मा ने 3182 वोटों से हराया है।

# संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही केंद्र सरकार

## वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने लगाया आरोप

**लोकसभा उपचुनाव जीतने के बाद प्रियंका का वायनाड का यह दूसरा दौरा है। 28 जनवरी को, उन्होंने बाघ द्वारा मारी गई एक महिला के परिवार और पार्टी के पूर्व नेता एनएम विजयन के परिवार से मुलाकात की, जिनकी दिसंबर में अपने बेटे के साथ आत्महत्या कर ली गई थी।**

एजेंसी



वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र और आसपास के इलाकों के तीन दिवसीय दौरे के लिए शनिवार को केरल पहुंचीं। वह सुबह करीब 10 बजे कन्नूर हवाई अड्डे पर उतरीं और सड़क मार्ग से वायनाड जाने से पहले केपीसीसी प्रमुख के सुधाकरन ने उनका स्वागत किया। सिर्फ चुनाव के दौरान ही हमें लोगों तक नहीं पहुंचना चाहिए। उनके रोजमर्रा के जीवन में हमें वहां रहना चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) का कार्यकर्ता और नेता कौन है। अपनी वर्तमान यात्रा के दौरान, वह मननथावडी, सुल्तान बाथेरी, कलपेट्टा, एरानाड, तिरुवंबदी, वंडूर और नीलांबुर सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर के नेताओं से मुलाकात करेंगी।हमें उनके बीच विश्वास पैदा करना चाहिए कि जब उन्हें कोई समस्या हो तो वे हमसे संपर्क कर सकते हैं। लोकसभा उपचुनाव जीतने के बाद प्रियंका का वायनाड का यह दूसरा दौरा है। 28 जनवरी को, उन्होंने बाघ द्वारा मारी गई एक महिला के परिवार और पार्टी के पूर्व नेता एनएम विजयन के परिवार से मुलाकात की, जिनकी दिसंबर में अपने बेटे के साथ आत्महत्या कर ली गई थी। अपनी वर्तमान यात्रा के दौरान, वह मननथावडी, सुल्तान बाथेरी, कलपेट्टा, एरानाड, तिरुवंबदी, वंडूर और नीलांबुर सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में बूथ स्तर के नेताओं से मुलाकात करेंगी। वह कलपेट्टा में लूर्डे माथा चर्च भी जाएंगी और जंगली जानवरों के हमलों से प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगी। मनन्थावडी में एक बूथ-स्तरीय बैठक में बोलते हुए, उन्होंने भूस्खलन पीड़ितों के लिए अपर्याप्त मुआवजे और जिले में जीवन और आजीविका को प्रभावित करने वाले मानव-पशु संघर्ष जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला।भूस्खलन हुए कई महीने बीत चुके हैं। उन्होंने वायनाड भूस्खलन पीड़ितों और बचे लोगों के लिए मुआवजे के मुद्दे पर कहा कि लोग आज भी अपना घर, मुआवजा न पाकर परेशान हैं।

# विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

## संक्षेप

### गर्भवती महिला की मौत

**ससुराल वालों पर सही इलाज न कराने का आरोप, पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा**

बांदा, जिले के बबेरू तहसील क्षेत्र में एक गर्भवती महिला की मौत से परिवार में मातम छा गया है। मृतका विद्या देवी (34) के पिता ने ससुराल पक्ष पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना बेलदान गांव की है, जहां राकेश वर्मा अपनी गर्भवती पत्नी विद्या देवी को इलाज के लिए बबेरू लेकर आए थे। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, इलाज के दौरान ही विद्या देवी की मौत हो गई। मृतका के पिता केतिया वर्मा, जो अमलोहरा के रहने वाले हैं, ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की मौत का कारण ससुराल पक्ष द्वारा समय पर उचित इलाज नहीं कराना है। घटना की सूचना मिलते ही बिसंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतका के तीन बच्चे - दो पुत्र और एक पुत्री हैं, जिनकी मां के अचानक चले जाने से पूरे परिवार में शोक की लहर है।

### हाथ-पैर में बेड़ियां पहनकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**अमेरिका में भारतीयों संग दुर्व्यवहार पर आक्रोश, विदेश मंत्री से कड़ी कार्रवाई की मांग**

अमरोहा, कांग्रेस कार्यकताओं ने अमेरिका द्वारा भारतीय प्रवासियों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गांधी मूर्ति के पास एकत्र हुए सैकड़ों कार्यकताओं ने अपने हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां पहनकर अमेरिका की कार्रवाई के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का मुख्य आरोप था कि केंद्र सरकार अमेरिका के प्रति बहुत नरम रुख अपना रही है।

### हेल्थ सेंटर के सीएचओ ने छात्रा से की छेड़खानी

**विरोध करने पर पिता-बेटी से मारपीट, वीडियो वायरल; मुकदमा दर्ज**

अमरोहा, गजरौला क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। नौनेर गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) ने एक छात्रा से छेड़खानी की और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। आरोपी की पहचान बलविंदर उर्फ मोंटी के रूप में हुई है, जो कृपाल सिंह का पुत्र है और गांव अल्लीपुर खादर थाना हसनपुर का निवासी है। पीड़िता कक्षा 11 की छात्रा है और आरोपी के सेंटर क्षेत्र के ही एक गांव में रहती है। जब छात्रा और उसके पिता ने इस हरकत का विरोध किया, तो आरोपी ने दोनों के साथ मारपीट की।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पहुंचे महाकुंभ

## पत्नी संग संगम में लगाई डुबकी, कहा- यह 'एकता का महाकुंभ'

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, महाकुंभ में पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने अपनी पत्नी सहित त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। उन्होंने महाकुंभ को दिव्य-भव्य बताते हुए इसे 'एकता का महाकुंभ' बताया है। सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर स्नान की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु। उन्होंने इस अवसर पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम पर पूजा-अर्चना की और सर्वकल्याण की कामना की। अनुराग ठाकुर ने अपनी पोस्ट में कहा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती के शुभाशीष से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। उन्होंने महाकुंभ को 'एकता का महाकुंभ' बताया और इसे भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक कहा। बता दें कि महाकुंभ 2025 में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा चुके हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से साधु-संत, राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन आस्था के साथ भाग ले रहे हैं। प्रयागराज का यह महाकुंभ सनातन संस्कृति की अनंत धारा को विश्व पटल पर गौरवान्वित कर रहा है। ये प्रमुख राजनेता अब तक लगा चुके हैं पावन डुबकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (मंत्रिमंडल समेत) संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य सभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, हेमा मालिनी, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद भी संगम में स्नान कर चुके हैं। आगामी 10 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी संगम में पावन डुबकी लगाने आएंगी।



# मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने परिवार संग संगम में लगाई आस्था की डुबकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाकुम्भ नगर । मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को महाकुम्भ 2025 में अपने परिवार के साथ त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, आज मैं तीर्थराज प्रयाग की पावन भूमि पर आया हूं और यहां सभी प्रदेशवासियों की ओर से आस्था की डुबकी लगाई। यह अनुभव अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा, मैं उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने इस भव्य महाकुंभ का कुशलता से आयोजन किया। संगम स्नान पर मुख्यमंत्री के साथ उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता, दिव्यता और व्यवस्थाओं की सराहना की और इसे भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का अद्भुत संगम बताया। महाकुम्भ 2025 केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और समर्पण का महायज्ञ है। यह वास्तव में दो प्रकार के लोगों का होता है, वे जो श्रद्धा के साथ आते हैं, और वे जो सेवा में समर्पित होते हैं। ये बातें कही हैं शेफाली वैद्य ने जो एक ऑथर और स्पीकर हैं। शेफाली ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाकुम्भ को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। वह कहती हैं, महाकुम्भ उन श्रद्धालुओं का होता है, जो केवल विश्वास के साथ आते हैं। वे, जो संगम में पवित्र स्नान के लिए घंटों प्रतीक्षा करते हैं, जो गंगाजल को संजोकर घर ले जाते हैं, जो शिकायत नहीं करते, सिर्फ आस्था रखते हैं। जब वे संगम में डुबकी लगाते हैं



# डीएम-एसपी ने भादर सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

- शौचालय में ताला बंद मिलने पर जताई नाराजगी, खुलवाकर सफाई के दिए निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भादर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय में ताला बंद मिलने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल इसे खुलवाकर साफ-सफाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने अस्पताल की विभिन्न इकाइयों का गहन निरीक्षण किया। दवा वितरण कक्ष में रजिस्टर की जांच की गई और स्टोर में मौजूद दवाओं का मिलान किया गया। डिलीवरी कक्ष, कोल्ड चेन कक्ष में वैक्सीन की स्थिति और जांच कक्ष में टीबी सहित अन्य जांच की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। नवनिर्मित पब्लिक हेल्थ यूनिट लैब में सभी उपकरणों को जल्द स्थापित कर संचालित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को पूरे परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही सभी चिकित्सकों और स्टाफ को रात में अस्पताल परिसर में ही रहने के निर्देश दिए।



# बीजेपी कार्यकताओं ने मनाया जश्न

## दिल्ली-मिल्कीपुर जीत पर जिलाध्यक्ष बोले- मोदी की गारंटी पर जनता का विश्वास जीता

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने दिल्ली विधानसभा और मिल्कीपुर उपचुनाव में मिली शानदार जीत का जश्न मनाया। तिकोनिया पार्क में एकत्रित होकर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई

और माला पहनाई। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई और जय श्री राम के नारे लगाए गए। भाजपा को 27 साल बाद दिल्ली विधानसभा में मिली ऐतिहासिक जीत पर जिलाध्यक्ष डॉ. आर.ए. वर्मा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गारंटी की जीत है। उन्होंने इसे दिल्ली की जनता, अयोध्यावासियों और कार्यकताओं की जीत बताया। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की बधाई पर उन्होंने कहा कि यह एक औपचारिकता है, चुनाव में जीत-हार स्वीकार करना स्वाभाविक है। उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों के बारे में जिलाध्यक्ष ने आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2027 में भारी मतों से जीत सुनिश्चित है। उन्होंने मिल्कीपुर में मिली जीत और महाकुंभ के सफल आयोजन का उदाहरण देते हुए कहा कि यूपी में पार्टी की स्थिति मजबूत है।



# दूध टैंकर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हादसा, बारात जाने के लिए घर से निकला था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एक सड़क हादसे में बारात जा रहे 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के साइड रोड पर बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के सिंघनामऊ गांव के पास यह हादसा हुआ। मृतक की पहचान गंगा प्रसाद मौर्य के रूप में हुई है, जो निरहीगढ़ से ब्यौरेमऊ बारात जाने के लिए निकला था। गांव से बाहर निकलते समय एक मोड़ पर तेज रफ्तार दूध गाड़ी ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दूध गाड़ी का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और बिना कोई कानूनी कार्रवाई कराए शव को घर ले गए। मृतक के परिवार में पत्नी गीता (32 वर्ष) और पांच बच्चे - 14 वर्षीय आलोक, 10 वर्षीय नैन्सी, 8 वर्षीय श्लोक और 2 वर्षीय अनमोल हैं। इस दुखद घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है। एक कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से परिवार के समक्ष भरण-पोषण की चुनौती खड़ी हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश जारी है।



# स्कूल के किचन गार्डन में उगी अरहर की दाल

## मिड-डे मील में बच्चों को पौष्टिक भोजन, ताजी सब्जियां भी मिल रहीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जगदीशपुर ब्लॉक के सिरियारी प्राथमिक विद्यालय ने एक अनूठी पहल की है। स्कूल में बनाए गए किचन गार्डन से बच्चों को मिड-डे मील में ताजी सब्जियां और दालें मिल रही हैं। स्कूल की इंचार्ज अध्यापिका रेहाना सईद खान के नेतृत्व में शिक्षकों, रसोइयों और बच्चों ने मिलकर इस गार्डन को विकसित किया है। किचन गार्डन की स्थापना आसान नहीं थी। स्कूल परिसर में चुनी गई जगह में पुराने भट्ठे की ईंटें दबी थीं। मजदूरों की मदद से ईंट-पत्थर निकालकर, ट्रैक्टर से जमीन को समतल किया गया। फिर गोबर की खाद मिलाकर खेत तैयार किया गया, जहां धनिया, लहसुन, प्याज, गोभी और मूली जैसी सब्जियां उगाई जा रही हैं।दो साल तक फसल देगा बीज विशेष रूप से, अध्यापकों ने हापुड़ से एक खास किस्म की अरहर का बीज मंगवाया, जो दो साल तक फसल देता है।

पहली ही फसल में 20 किलो अरहर की पैदावार हुई, जिसका उपयोग मिड-डे मील में किया जा रहा है। इससे स्कूल को बाजार से दाल और सब्जियां कम खरीदनी पड़ती हैं, साथ ही बच्चों को ताजा और पौष्टिक भोजन मिल रहा है। गांव में चर्चा का विषय स्कूल का यह अभिनव प्रयोग गांव में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीण अक्सर स्कूल आकर किचन गार्डन का निरीक्षण करते हैं

और शिक्षकों के इस प्रयास की सराहना करते हैं। यह पहल न केवल बच्चों के पोषण में सुधार कर रही है, बल्कि आत्मनिर्भरता का एक उदाहरण भी पेश कर रही है।



# 4 दबंगों ने लाठी-डंडों से 3 को पीटा

- जान से मारने की धमकी देकर भागे, बचाने आए 2 लोग भी घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हापुड़, ग्राम असौड़ा में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां चार दबंगों ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया और उसकी मदद करने आए दो लोगों को भी नहीं बख्शा। दीपचंद सैनी अपने घर से दुकान की ओर जा रहे थे। ट्याला रोड पर विशाल उर्फ मिमी, विक्की, ललित और मोनू ने दीपचंद को रोका और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों से दीपचंद पर हमला कर दिया। मारपीट की आवाजें सुनकर प्रेम कुमार त्यागी और विजय मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया। लेकिन आरोपियों ने उन दोनों के साथ भी मारपीट की और उन्हें भी घायल कर दिया। जब आसपास के लोग घटनास्थल की ओर आने लगे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तीनों घायलों को उनके परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




# दिल्ली-मिल्कीपुर में जीत पर रामपुर में जश्न

## अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी, मोदी-शाह को दी बधाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रामपुर, भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने दिल्ली और मिल्कीपुर में पार्टी की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। जिला परिषद रोड स्थित मोर्चे के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज के कार्यालय पर जिला अध्यक्ष वसीम खान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आम जनता में भी मिठाइयां बांटीं। कार्यकताओं ने दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बधाई दी। मोर्चे के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 11 वर्षों से सत्ता में काबिज अरविंद केजरीवाल का सफाया कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हुए भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया है। मोर्चे के जिला अध्यक्ष वसीम खान ने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत और जनता के समर्थन से दिल्ली और मिल्कीपुर में भाजपा ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रवाद और विकासवाद को वोट दिया है।



# दिल्ली विधानसभा में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

## हसनपुर में कार्यकताओं ने मनाया जश्न, मोदी-योगी के लगे नारे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हसनपुर, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हसनपुर में जश्न का माहौल देखने को मिला। झकड़ी बस स्टैंड के पास स्थित नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने इस जीत को भाजपा की नीतियों की जीत बताया। सैनी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने सूझबूझ से मतदान कर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी झूठी घोषणाओं को जनता ने नकार दिया है।

# दिल्ली और मिल्कीपुर में भाजपा की जीत का जश्न

## अमेठी में व्यापारियों ने मिठाई बांटी, मोदी-योगी के नाम की गूंज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, दिल्ली विधानसभा और अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद अमेठी में जश्न का माहौल छा गया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष और भाजपा नेता महेश सोनी के कार्यालय पर कार्यकताओं और व्यापारियों ने धूमधाम से विजय उत्सव मनाया।

# अमेरिका में भारतीयों से दुर्व्यवहार पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## कहा- हथकड़ी लगाकर इंडिया भेजना केंद्र सरकार की विफलता, देश का अपमान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, अमेरिका में भारतीय प्रवासियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के खिलाफ कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने सदर तहसीलदार हृदयराम तिवारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों को वापस भेजने के दौरान अपनाई जा रही अमानवीय प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष राणा ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी लगाकर देश वापस भेजना केंद्र सरकार की विफलता को दशार्ता है। राणा ने कहा कि यह सिर्फ प्रवासी भारतीयों का नहीं, बल्कि पूरे देश का अपमान है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।